www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 109 || अम्बेडकरनगर
शुक्रवार
10 जुलाई 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
दैनिक
# तमसा संकेत
https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:19
सूर्यास्तः 07:04
अधिकतमः 33°00
न्यूनतमः 27°00



पेज 07
विशेष समाचार आख़िर चढ़ावा चोरी और वक्फ... >> पेज 04 | मां-पत्नी के सामने दुकानदार... >> पेज 06 | लियोनेल मेसी पर भड़कीं गौहर...

अखिलेश यादव ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से की मुलाकात, गौ संरक्षण और समसामयिक मुद्दों पर हुई चर्चा

# 2027 के रण की 'सनातन लीला'

**चर्चा**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार सुबह 8 बजे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान अखिलेश ने शंकराचार्य के पैर छुए। वह जमीन पर बैठे नजर आए। 30 मिनट बाद अखिलेश बाहर आए। राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर मीडिया से कहा-

हमारे धर्म में चढ़ावे की चोरी महापाप है। इन्होंने महापाप किया है। भाजपा में भगदड़ शुरू भी हो गई है। बहुत सारे लोग मुझसे अभी से संपर्क करने लगे हैं। SIT सिर्फ लीपापोती कर रही है ।सुनने में आया कि SIT पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। एक सदस्य पर 420 का मुकदमा है। यह लड़ाई बड़ी है। यह दिल्ली-लखनऊ की लड़ाई है। आप नहीं समझ पा रहे हैं।

वहीं, शंकराचार्य ने अखिलेश से बातचीत में कहा- मंदिर में घोटाला हुआ है। मुख्यमंत्रीजी कह रहे हैं कि कार्रवाई कर रहे हैं। कार्रवाई तो होगी, लेकिन जब नया मुख्यमंत्री आएगा, तब तगड़ी कार्रवाई करेगा। >> (शेष पेज 06 पर)



अखिलेश यादव ने लखनऊ में शंकराचार्य से मुलाकात करके आशीर्वाद लिया।

अखिलेश यादव ने इस अवसर पर शंकराचार्य से गौ संरक्षण, सनातन परंपराओं और वर्तमान राष्ट्रीय विषयों पर चर्चा की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

अखिलेश बोले- एसआईटी के अफसर पर 420 की एफआईआर द्वारा एसआईटी चीफ विश्वास पंत की तरफ

पीड़ित ठेकेदार बोला- कागजों में जालसाजी की थी





### भाजपा पर धर्म के राजनीतिक इस्तेमाल का आरोप

अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के लिए धर्म से अधिक धन और वोट महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी अपने राजनीतिक हितों के अनुसार धार्मिक मुद्दों पर अपना रुख बदलती रहती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम की मर्यादा और धार्मिक आस्थाओं को जिस प्रकार राजनीतिक स्वार्थ से जोड़ा गया, उससे देशभर के सनातन धर्मावलंबियों की भावनाएं आहत हुई हैं। उनके अनुसार, सनातन धर्म में मंदिर के चढ़ावे में गड़बड़ी या चोरी से बड़ा कोई पाप नहीं माना जा सकता।

### एसआईटी के 3 सदस्य



| विजय विश्वास पंत | किरण शिवकुमार | नीलरतन कुमार |
|---|---|---|
| IAS | IPS | यूपी फाइनेंस एंड अकाउंट्स सर्विस |
| लखनऊ मंडलायुक्त | IG लखनऊ रेंज | विशेष सचिव (वित्त) |
| बैच- 2004 | बैच- 2008 | बैच- 1986 |

विजय पंत के खिलाफ धारा-465 और 420 में केस दर्ज है। 465 जालसाजी की धारा हो, जिसमें अधिकतम 2 साल की सजा है। 420 चीटिंग करने की धारा है। इसमें अधिकतम 7 साल की सजा हो सकती है।

### आईएएस के खिलाफ चार्जशीट नहीं लगा सकते': जांच अधिकारी

शिव कुमार ने बताया कि मैंने सीजेएम कोर्ट में सभी साक्ष्य पेश किए कि जांच सही नहीं हुई है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी रहते हुए पंत को दोषियों के खिलाफ FIR दर्ज करानी चाहिए थी। मेरठ के सीओ क्राइम के पास अभी भी जांच विचाराधीन है। >> ( 06 पर)

### 7 साल पहले दर्ज हुआ था केस, ठेकेदार का पेमेंट रोका था

मेरठ में दुर्गा इलेक्ट्रिकल के मालिक शिव कुमार ने परीक्षितगढ़ थाने में साल-2015 में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि 2007 में ग्राम विकास अंबेडकर योजना के तहत उन्होंने बिजली की लाइन बिछाने का काम किया था। काम पूरा करके बिल पेश कर दिया था। लेकिन, वहां तैनात इंजीनियर और कर्मचारी कमीशन की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं करने से उन लोगों ने भुगतान नहीं किया। बिलों पर फ्लूड लगाकर काम अधूरा दिखा दिया। इस मामले में शिव कुमार को RTI से भी सूचना नहीं मिली। फिर इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर शिव कुमार को सूचना मिली। इसके आधार पर शिव कुमार ने साल-2015 में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी विजय विश्वास पंत को पूरा मामला बताया। >> (शेष पेज 06 पर)

### ममता टीएमसी के बैंक खातों से सीमित लेनदेन कर सकेंगी

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस (TMC) के ममता बनर्जी गुट को पार्टी के फ्रीज किए गए तीन बैंक खातों से सीमित लेनदेन की इजाजत दे दी। हालांकि खातों से सिर्फ रोजमर्रा और कानूनी मामलों से जुड़े खर्च ही किए जा सकेंगे।

खातों के भुगतान पर निगरानी के लिए हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस सुब्रत तालुकदार की नियुक्ति की है। जस्टिस सौगत भट्टाचार्य की सिंगल बेंच ने यह आदेश दिया। 18 जून को बिधान-नगर पुलिस कमिश्नरेट के साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि TMC के एक निजी बैंक में मौजूद तीन खाते अपराध की कमाई रखने के लिए इस्तेमाल किए गए हैं। FIR दर्ज होने के अगले ही दिन इन खातों से डेबिट लेनदेन पर रोक लगा दी गई।

## कॉकरोच पार्टी फाउंडर अभिजीत दीपके ने पुलिस के पैर पकड़े

### जंतर-मंतर पर टेंट लगाने की इजाजत मांगी

**मांग**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। नीट पेपर लीक के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) 20 दिन से जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। फाउंडर अभिजीत दीपके ने गुरुवार को पुलिसवालों के पैर पकड़े और हाथ जोड़े। वे टेंट लगाने की इजाजत मांग रहे थे ताकि भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों को बारिश से बचाया जा सके।

दीपके ने इस घटना का वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा- भूख हड़ताल पर बैठे स्टूडेंट्स बारिश में भीग रहे हैं। मैंने पुलिस अधिकारियों से जंतर-मंतर पर टेंट लगाने की परमिशन मांगी है।

उन्होंने दूसरे वीडियो में पुलिस पर तिरपाल लाने की कोशिश कर रहे स्टूडेंट्स के साथ बदसलूकी करने का आरोप लगाया। दीपके ने लिखा- महिला स्टूडेंट्स को पुरुष पुलिसवालों ने धक्का दिया।

CJP परीक्षाओं में अनियमित-ताओं के आरोपों और पेपर लीक के बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांग रही है। >> (शेष पेज 06 पर)



कहा- हड़ताली छात्रों को बारिश से बचाना है

## टीएमसी के 3 पूर्व राज्यसभा सांसद भाजपा में हुए शामिल

### एक महीने पहले नाराज होकर ममता का साथ छोड़ा

सुखेंदु रॉय बोले- आरजी कर केस में सवाल उठाने पर जान से मारने की धमकी मिली

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता । तृणमूल कांग्रेस (TMC) के तीन पूर्व राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव, सुखेंदु शेखर राय और प्रकाश चिक बराइक गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने तीनों को कोलकाता में सदस्यता दिलाई। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में TMC की हार के बाद तीनों नेताओं ने राज्यसभा की सदस्यता और TMC से इस्तीफा दे दिया था। तीनों ने ममता से नाराजगी जताई थी और कहा था कि पार्टी मनमाने ढंग से चल रही है। >> (शेष पेज 06 पर)



कोलकाता के भाजपा कार्यालय में गुरुवार को तीनों पूर्व राज्यसभा सांसदों ने बीजेपी जॉइन की।

बंगाल की इन तीन राज्यसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए 24 जुलाई को वोटिंग और काउंटिंग होगी। उपचुनाव की अधिसूचना 7 जुलाई को जारी होगी। 14 जुलाई तक नामांकन और नामांकन पत्रों की जांच 15 जुलाई को होगी।

**फास्ट न्यूज**

### दिल्ली-एनसीआर में बारिश का तांडव, सड़क-नालों में दोस्ती

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में बुधवार रात से जारी मूसलाधार बारिश ने गुरुवार सुबह राजधानी और आसपास के शहरों की रफ्तार थाम दी. दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद के कई इलाकों में भारी जलभराव के कारण सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं।

**आरोप सुनवाई**

### अमेरिका में भारतीय इंजीनियर ने पत्नी की हत्या की

वॉशिंगटन डीसी/हैदराबाद । अमेरिका में एक भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर को पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का आरोप है कि उसने पत्नी का गला घोंटकर हत्या की। अगले दिन उसके शव की फोटो भारत में रहने वाली गर्लफ्रेंड को भेजी। करीब 9 महीने तक चली जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। फिलहाल वह हिरासत में है। उसे जमानत के लिए 50 लाख डॉलर यानी करीब 47 करोड़ रुपए चुकाने होंगे। दोषी साबित होने पर उसे उम्रकैद की सजा हो सकती है।

### मणिपुर में अब नगा-कुकी संघर्ष, 5 महीने में 25 मौतें

इम्फाल। मणिपुर में मई 2023 से जारी मैतेई-कुकी जातीय हिंसा के बीच एक नया मोर्चा खुल गया है। राज्य में जारी हिंसा अब नगा और कुकी समुदायों के बीच शिफ्ट हो गई है। उखरुल इसका हॉटस्पॉट बन गया है। इस साल फरवरी से शुरू हुए इस ताजा संघर्ष में अब तक 25 लोगों की मौत हो चुकी है।

## आंध्रप्रदेश में कोरोना से 46 साल के मरीज की मौत

### 4 दिन इलाज के बाद दम तोड़ा, 2 जिलों में 5 एक्टिव केस

**सतर्क**

तमसा संकेत, एजेंसी

अमरावती। आंध्र प्रदेश के कडप्पा में बुधवार को 46 साल के व्यक्ति की कोविड-19 से मौत हो गई। उसे पिछले महीने वेल्लोर के CMC अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसका कोविड टेस्ट पॉजिटिव आया था। 4 दिन इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। हेल्थ ऑफिसर ने बताया कि मरीज के फेफड़े खराब हो गए थे। मरीज को कंटेनमेंट जोन में रखा गया था। उसके संपर्क में आए लोगों की ट्रेसिंग भी की जा रही है। इलाके में सैनिटाइजेशन भी शुरू कर दिया गया है। कोरोना से मौत की खबर के बाद कडप्पा और तिरुपति जिलों में 5 और पॉजिटिव मामले सामने आए हैं।



- कडप्पा-तिरुपति में 5 नए केस
- भारत में कोरोना से 47 लाख मौतों का अनुमान

मेडिकल एजुकेशन डायरेक्टर (DME) ने राज्य के सरकारी अस्पतालों से आइसोलेशन बेड, ICU बेड, ऑक्सीजन, वेंटिलेटर, दवाइयों, रैपिड टेस्ट किट, एंबुलेंस और मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता का ब्यौरा मांगा है। >> (शेष पेज 06 पर)

## 'भारत को यूरेनियम सप्लाई करेगा ऑस्ट्रेलिया'

### परमाणु ऊर्जा और हथियारों के लिए जरूरी, मोदी ऑस्ट्रेलियन पीएम से बोले-हम आपसे सीख रहे

**संबोधन**

तमसा संकेत, एजेंसी

मेलबर्न । भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार को यूरेनियम डील पर मुहर लग गई है। मेलबर्न में पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज ने मीटिंग के बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, स्पेस और महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) समेत कई क्षेत्र में समझौतों की घोषणा की। मोदी ने कहा- भारत और ऑस्ट्रेलिया मिलकर क्रिटिकल मिनरल्स कॉरिडोर भी विकसित करेंगे। कोकोस (कीलिंग) द्वीप पर स्पेस ट्रैकिंग टर्मिनल बनाया जाएगा, जिससे भारत के गगनयान मिशन को मदद मिलेगी। भारत अभी 4 देशों से यूरेनियम खरीदता है। ऑस्ट्रेलिया पांचवां है। यूरेनियम परमाणु उर्जा और बम दोनों के लिए जरूरी है। भारत यह क्यों खरीद रहा, पढ़िए खबर में नीचे भास्कर नॉलेज में हमारे फार्मा और डिफेंस की क्रेडिबिलिटी दुनिया देख रही है। >> (शेष पेज 06 पर)




### मोदी बोले- दोनों देशों का रिश्ता क्रिकेट जैसा

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वार्ता के बाद दोनों पीएम मोदी और पीएम अल्बनीज ने संयुक्त बयान जारी किया। रिश्तों को क्रिकेट से जोड़ाः पीएम मोदी ने कहा- दोनों देशों का रिश्ता क्रिकेट जैसा है। हमारी मुलाकातें क्रिकेट की तरह होती हैं। एजेंडे में वनडे जैसा फोकस है, फैसले टी-20 की तरह तेजी से होते हैं और हमारी साझेदारी टेस्ट मैच की तरह लंबी और मजबूत है। >> (शेष पेज 06 पर)



पीएम ने ऑस्ट्रेलिया-भारत CEO फोरम में शामिल होने के बाद X पर तस्वीरें शेयर कीं।

मोदी ने 16 साल के बच्चों को सोशल मीडिया बैन करने के मामले में ऑस्ट्रेलिया की तारीफ की। इसके बाद मेलबोर्न में 30 हजार भारतीयों को संबोधित किया।

### दोनों देश एआई, क्वांटम, सेमीकंडक्टर पर मिलकर काम करेंगे

दोनों देशों ने ऑस्ट्रेलिया-भारत साइबर, क्रिटिकल टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन पार्टनरशिप शुरू करने पर सहमति जताई है। इसके तहत दोनों देश आर्टिफि-शियल इंटेलिजेंस (AI), क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल रेजिलिएंस जैसे क्षेत्रों में एकसाथ रिसर्च करेंगे।

**तलाशी :** रिश्तेदारों के 30 बैंक अकाउंट फ्रीज, चंदे की रकम ब्याज पर बांटी, शेयर मार्केट में लगाई

## राममंदिर चढ़ावा चोरी : आरोपियों के घर से नोटों के बंडल मिले

तीनों आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने उनके घरों में छापेमारी की। इस दौरान नोटों के बंडल, सोने के जेवर (कान की बालियां और लॉकेट समेत) और एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया। हालांकि, किस आरोपी के घर से क्या-क्या बरामद हुआ है, इसे लेकर पुलिस ने अभी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी है।

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या । अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले में आरोपी अनुकल्प मिश्रा को पुलिस गुरुवार सुबह 9 बजे उसके घर लेकर गई। वहां करीब 20 मिनट तक तलाशी ली। घरवालों से भी पूछताछ की। तलाशी में क्या मिला, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अनुकल्प ने पूछताछ में बताया कि मैं और अविनाश शुक्ला चोरी के पैसों को शेयर मार्केट में लगाते थे। लोगों को ब्याज पर देते थे। पैसों को करीबियों और रिश्तेदारों को पैसे देते थे। फिर उनसे अपने खातों में पैसे ट्रांसफर करवाते थे। इससे पहले, बुधवार को पुलिस लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडेय को भी उनके घरों पर लेकर गई थी। >> (शेष पेज 06 पर)



यह फोटो बुधवार सुबह की है जब पुलिस तीनों आरोपियों को जेल से रिमांड पर लेकर निकली थी।

### भाजपा सांसद मनन कुमार मिश्रा ने कहा अखिलेश को इससे कुछ नहीं मिलेगा

दिल्ली में भाजपा के राज्यसभा सांसद मनन कुमार मिश्रा ने गुरुवार को राम मंदिर चंदा चोरी मामले पर अखिलेश यादव के बयान पर प्रतिक्रिया की। उन्होंने कहा कि संसद में मुलायम सिंह यादव ने कहा था कि वहां राम मंदिर का कोई नाम नहीं है। वहां केवल बाबरी मस्जिद ही है। इन्होंने हमेशा राम मंदिर का मजाक उड़ाया है। आज जब एक छोटी-सी गड़बड़ी सामने आई है, तो सरकार ने इसका गंभीरता से संज्ञान लिया है। इसके लिए SIT की जांच बैठाई गई है। जांच का दायरा भी बढ़ाया गया है। >> (शेष पेज 06 पर)



## महाराष्ट्र में डॉक्टर को थप्पड़ मारने वाला शिवसेना पार्षद गिरफ्तार

### 3 साथी भी पकड़े गए, डॉक्टर ने इस्तीफा दिया

**कार्रवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे में हॉस्पिटल के डॉक्टरों से मारपीट के मामले में शिवसेना (शिंदे गुट) के पार्षद रमेश म्हात्रे को बुधवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके तीन साथियों को भी पकड़ा गया है। वहीं, एक डॉक्टर ने नौकरी से इस्तीफा देकर ठाणे छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि यहां डर का माहौल है। अब कभी वापस नहीं लौटूंगा।

घटना सोमवार को कल्याण-डोंबिवली नगर निगम (KDMC) के शास्त्री नगर अस्पताल की है। अस्पताल के NICU में कोई बेड खाली नहीं था। इसलिए डॉक्टर सृष्टि बाविस्कर और डॉ. वैभव सालुंखे ने नवजात के परिजनों को दूसरे अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी। परिजन इससे नाराज हो गए। उन्होंने शिवसेना पार्षद रमेश म्हात्रे को अस्पताल बुला लिया। वह अपने तीन साथियों के साथ अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ से मारपीट की। पीड़ित डॉक्टर ने मीडिया से कहा, ' मैं घटना के बाद खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा हूं। >> (शेष पेज 06 पर)



डॉक्टर बोले- गुंडे नजर रख रहे हैं, अब कभी नहीं लौटूंगा

# 69 शहरों में जोरदार बारिश, 6 की मौत

**अलर्ट**

## मेडिकल कॉलेज में पानी घुसा, ओपीडी बंद, 70 मंजिला बिल्डिंग काले बादलों में छिपी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी, प्रयागराज। यूपी में लगातार मानसूनी बारिश से हालात अब बिगड़ने लगे हैं। गुरुवार सुबह से 69 शहरों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। नोएडा में 70 मंजिला सुपरनोवा बिल्डिंग काले बादलों में छिप गई। यहां इतनी बारिश हुई कि सड़कों पर एक से दो फीट तक पानी भर गया।

गाजियाबाद में 10 फीट सड़क धंस गई। इसमें कार और बाइक समा गईं। बुलंदशहर में दुकानों और घरों में पानी घुस गया। बागपत में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर 2 फीट तक पानी भर गया।

सहारनपुर की सहंश्रा नदी में अचानक तेज उफान आ गया। एक महिला समेत 3 लोग बाइक सहित बहने लगे। ग्रामीणों ने उन्हें खींचकर बाहर निकाला। मेरठ मेडिकल





कॉलेज में भी पानी भर गया है। इसके चलते ओपीडी बंद कर दी गई है। पंप सेट लगाकर पानी निकाला जा रहा है।

24 घंटे में बिजनौर में सबसे ज्यादा 151.9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। यह सामान्य 11.6 से 1209 फीसदी अधिक है। बारिश से जुड़े हादसों में 3 साल की बच्ची समेत 6 की मौत हुई है। मौसम विभाग ने आज सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें से 27 जिलों में रेड अलर्ट है। यानी इन जिलों में भारी से भारी बारिश होने की संभावना है। इस सीजन में पहली बार रेड अलर्ट जारी हुआ है। कल यानी बुधवार की बात करें तो 71 जिलों में बारिश हुई। सबसे अधिक 144.4 मिमी बारिश चित्रकूट में रिकॉर्ड की गई। बारिश के चलते मथुरा, संभल और हाथरस में 8वीं तक, मेरठ में 9वीं तक और गाजियाबाद में 12वीं तक के स्कूल आज बंद कर दिए गए थे।

### हापुड़ में 36 घंटे की लगातार बारिश से जनजीवन बेहाल

हापुड़ में पिछले 36 घंटे से लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति है। सादिकपुर और महमूदपुर रेलवे अंडरपास पूरी तरह पानी में डूब गए हैं, जिससे आवागमन ठप हो गया है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बारिश और मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए जिलाधिकारी कविता मीना ने शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों तथा कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है।

### ललितपुर में रिमझिम बारिश से मौसम सुहाना, कई इलाकों में जलभराव

ललितपुर में गुरुवार शाम करीब चार बजे से रुक-रुक कर रिमझिम बारिश हो रही है। बारिश के चलते शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, इस बारिश से उमसभरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है। किसानों का कहना है कि यह बारिश खरीफ फसलों और खेती के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी।



नोएडा में बारिश के बाद हुए जलभराव में एक कार चलते-चलते बंद हो गई। निकालने के लिए लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

# राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल अर्जी पर सुनवाई टली

## वकीलों ने मांगा समय, अब 24 जुलाई को होगी सुनवाई

**तमसा संकेत, एजेंसी**





वाराणसी। अमेरिका के बोस्टन स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी में भगवान श्रीराम को लेकर कथित टिप्पणी के मामले में कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल अर्जी पर गुरुवार को सुनवाई नहीं हो सकी। राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ताओं ने अदालत में वकालतनामा दाखिल कर पक्ष रखने के लिए समय मांगा, जिसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 24 जुलाई की तारीख निर्धारित कर दी।

इसी बीच राहुल गांधी की ओर से उनके अधिवक्ताओं श्रीनाथ त्रिपाठी व अनुज यादव ने राहुल गांधी की ओर से वकालतनामा दाखिल करते हुए उनका पक्ष रखने के लिए समय की मांग की। जिस पर अदालत ने इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथि 24 जुलाई नियत कर दी। एडवोकेट हरिशंकर पांडेय ने कोर्ट में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (चतुर्थ) / एमपी - एमएलए कोर्ट में अर्जी दाखिल किया था। जिसमें कहा गया है कि भारतीय संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अमेरिका के बोस्टन में 21 अप्रैल 2025 को पहुंचे थे।

यहां पर ब्राउन यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स के साथ उनका एक सेशन था। यहां पर राहुल गांधी ने भगवान श्रीराम को लेकर विवादित बयान दिए थे। आरोप है राहुल गांधी ने भगवान राम को 'पौराणिक' बताया था और उस युग पर बताई जाने वाली कहानियों को काल्पनिक कहा था। यही नही

**फास्ट न्यूज**

### प्रयागराज में 58 बीघा अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

प्रयागराज। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने अवैध प्लाटिंग और अनधिकृत निर्माण के खिलाफ अपना अभियान जारी रखते हुए गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। पीडीए की टीम ने जोन-02 के उपजोन-2ए क्षेत्र में लगभग 58 बीघे में विकसित की गई अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा और ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### दालमंडी से उठा इमाम हुसैन की याद में जुलूस

वाराणसी। इमाम और उनके साथियों को कर्बला के मैदान में आज से 1448 साल पहले भूखा और प्यासा शहीद कर दिया गया था। शिया मुसलमान तब से ही इमाम हुसैन और के साथ शहीद हुए लोगों का गम मनाते आ रहे हैं।

इसी क्रम में मोहर्रम की 22 तारीख (बुधवार की रात) को अंजुमन हैदरी चौक बनारस ने चहमामा मस्जिद से इमाम हुसैन के दसवें का जुलूस उठाया। जुलूस में दुलदुल और ताबूत की जियारत को जायरीन को जायरीन उमड़े। यह जुलूस दालमंडी से निकलकर अपने पुराने रास्तों से होता हुआ सुबह 4 बजे दरगाह फातमान लल्लापुरा में समाप्त हुआ।

### जोमैटो-हाइपरप्योर से 25.98 लाख की ठगी

प्रयागराज। प्रयागराज में जोमैटो और हाइपरप्योर के रेस्टोरेंट पार्टनर्स के साथ करीब 25.98 लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले में कंपनी के एरिया मैनेजर की तहरीर पर बुधवार देर रात जार्जटाउन थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। शिकायत में आरोप है कि मार्च और अप्रैल के बीच अज्ञात लोगों ने कंपनी के कर्मचारी बनकर कई रेस्टोरेंट पार्टनर्स को निशाना बनाया।

# दरोगा की बेटी से रैपिडो चालक ने की छेड़खानी

## गलत लोकेशन पर ले गया, दोस्त को बुलाकर हंगामा किया

**तमसा संकेत, एजेंसी**



वाराणसी। वाराणसी में बुधवार को रैपिडो चालक ने दरोगा की बेटी के साथ अभद्रता और छेड़खानी की है। पीड़िता ने जब इस मामले में अपने पिता को जानकारी दी तो पिता ने रैपिडो चालक को लंका थाना इलाके में रोक लिया।

इसके बाद रैपिडो चालक के दोस्त ने वीडियो बनाकर वहां हंगामा करना शुरू कर दिया। इस मामले में फिलहाल पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

इसके बाद रैपिडो चालक ने अपनी गलती मान ली। वहीं हंगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर आज तेजी से वायरल हो रहा है।

लंका थाना क्षेत्र में रैपिडो चालक द्वारा एक युवती से कथित तौर पर छेड़छाड़ और अभद्रता करने का मामला सामने आया है। युवती ने बताया- रैपिडो चालक उसे निश्चित रुट से न ले जाकर किसी अन्य रूट से से लेकर जा रहा था, जिसके बाद उसने विरोध किया। आरोप है कि विरोध करने के बाद युवती के साथ रैपिडो चालक ने अभद्रता की। इसके बाद युवती ने पूरे घटना की जानकारी अपने दारोगा पिता को दे दी। इसके बाद लंका थाना क्षेत्र के रविदास गेट के पास बुधवार की शाम को रैपिडो चालक को युवती के पिता ने पकड़ लिया। जैसे ही दरोगा ने युवक को पकड़ा उसने अपने साथी को बुला लिया। जिसने आने के साथ वीडियो बनाना शुरू किया।

### फोन पर बातें करते हुए यमुना में कूदा युवक

प्रयागराज। प्रयागराज के नए यमुना पुल से बृहस्पतिवार शाम एक 23 वर्षीय युवक ने मां से फोन पर बात करने के दौरान यमुना में छलांग लगाकर जान दे दी। घटना से पुल पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और गोताखोरों ने करीब डेढ़ घंटे तक तलाश अभियान चलाया।

काफी मशक्कत के बाद युवक को नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाम करीब 4:30 बजे एक युवक नए यमुना पुल पर पहुंचा। वह पुल के बीच हिस्से में कुछ देर तक टहलता रहा। इसी दौरान उसने जेब से मोबाइल फोन निकालकर किसी से बातचीत शुरू की। कुछ ही देर बाद वह अचानक पुल की रेलिंग पर चढ़ा और देखते ही देखते यमुना में छलांग लगा दी। घटना इतनी अचानक हुई कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ ही नहीं सके।

## दोनों पैर काटे, पेट का मांस और सिर के सारे बाल गायब, शव मिलते ही भागने लगी दादी

# बच्चे की हत्या कर आंखे निकालीं

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गाजीपुर। गाजीपुर में 3 दिन से लापता 4 साल के मासूम बच्चे की हत्या करके शव घर से 20 मीटर दूर फेंक दिया गया। गुरुवार सुबह 10 बजे उसका शव बरामद हुआ। बच्चे के शरीर पर नुकीले हथियार से हमला करने के निशान मिले हैं और सिर के सारे बाल गायब थे। बच्चे के दोनों पैर काट दिए गए थे और आंखें निकाल ली गईं।

बच्चे का कटा पैर शव से कुछ दूरी पर पड़ा मिला है। शव मिलने के बाद बच्चे की दादी भागने लगी, जिसे लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस ने दादी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि घरेलू विवाद में दादी ने ही बच्चे की हत्या की है। मामला भांवरकोल थाना क्षेत्र का है।

गोड़ी खास गांव के रहने वाले जामवंत कुशवाहा उर्फ पिंटू अपने 4 भाइयों में सबसे बड़े हैं। उनके भाई बाहर रहकर नौकरी करते हैं। जामवंत अपने पिता तारानाथ, मां कबूतरी देवी, पत्नी अनामिका और इकलौते बेटे सिद्धार्थ (4) के साथ गांव में रहते थे।



सिद्धार्थ, मृतक

### बच्ची के साथ खेलने गया था सिद्धार्थ

जामवंत ने बताया कि मेरा बेटा सिद्धार्थ मंगलवार को सुबह 10 बजे खेलने के लिए घर से निकला था। वह ननिहाल से आई हमउम्र बच्ची के साथ खेल रहा था। कुछ देर बाद बच्ची अपने नाना के घर चली गई, लेकिन सिद्धार्थ वापस घर नहीं लौटा। काफी देर तक इंतजार करने के बाद उसकी तलाश में निकल पड़े।

**बच्चे के दोनों पैर शरीर से काटकर अलग कर दिए गए थे। पेट, सिर और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे और पेट का कुछ हिस्सा भी गायब था। सिर के पूरे बाल निकाले गए थे और दोनों आंखें भी गायब थीं। घटना की सूचना मिलते ही लोगों की भारी भीड़ लग गई और पुलिस को जानकारी दी गई।**



### गांव की महिलाओं ने देखा शव

आसपास काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस और गांव के लोग लगातार बच्चे की तलाश करते रहे, लेकिन उसका कुछ पता नहीं मिला। गुरुवार की सुबह कुछ महिलाओं ने घर से करीब 20-25 मीटर दूर चरी के खेत में सिद्धार्थ का क्षत-विक्षत शव पड़ा देखा। शव काफी सड़ चुका था और उससे दुर्गंध आ रही थी।

## ग्रेटर नोएडा में धान की रोपाई कर लौटने समय हादसा, बिहार के रहने वाले थे

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने 3 मजदूरों को कुचला, मौत



**तमसा संकेत, एजेंसी**

जेवर। ग्रेटर नोएडा में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे पैदल जा रहे 3 मजदूरों को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि तीनों युवक उछलकर सड़क किनारे दूर जा गिरे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को जेवर के कैलाश अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

हादसा बुधवार देर रात करीब 10:30 बजे जेवर कोतवाली क्षेत्र में जेवर-खुर्जा मार्ग पर नीमका गांव के सामने हुआ। मृतकों की पहचान बिहार के अररिया निवासी करन (22), विश्वजीत (24) और मिथुन (25) के रूप में हुई है।



तीनों धान की रोपाई का काम करने के लिए ग्रेटर नोएडा आए थे। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश के लिए टीम गठित कर दी है। पुलिस के मुताबिक, करन, विश्वजीत और मिथुन बिहार के अररिया जिले के रहने वाले थे। तीनों मजदूरी करने के लिए ग्रेटर नोएडा आए थे। बुधवार देर रात तीनों खेतों में धान की रोपाई का काम खत्म कर जेवर-खुर्जा मार्ग से पैदल नीमका गांव लौट रहे थे। इसी दौरान जेवर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने पीछे से तीनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सड़क किनारे दूर जाकर खेत में गिर पड़े। हादसे के बाद राहगीरों ने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को कैलाश अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### स्कॉर्पियो की पहचान, चालक की तलाश

जांच के दौरान पुलिस ने हादसे में शामिल स्कॉर्पियो की पहचान कर ली है। मृतकों के परिजनों की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी चालक की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वाहन की तलाश और अन्य साक्ष्य जुटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### सत्यराम ज्ञान योग आश्रम की गद्दी को लेकर महापंचायत

अयोध्या। अयोध्या के पूराकलंदर थाना क्षेत्र स्थित सत्यराम ज्ञान योग आश्रम की गद्दी को लेकर चल रहा विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। शनिवार को गद्दी पर दावा कर रहे दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच बढ़ते तनाव के बाद संत समाज और ग्रामीणों ने महापंचायत बुलाई। हालात को देखते हुए प्रशासन ने आश्रम परिसर और आसपास भारी पुलिस बल व पीएसी तैनात कर दी।

विवाद पूराकलंदर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के मजरे मोकलपुर स्थित आश्रम का है। आश्रम की गद्दी पर फलाहारी बाबा और धर्मेंद्र दास अपना-अपना दावा कर रहे हैं। इसके साथ ही आश्रम से जुड़ी करीब 500 बीघा जमीन, बाग और तालाब को लेकर भी विवाद गहरा गया है। प्रशासन का कहना है कि मामला दीवानी न्यायालय में विचाराधीन है और अदालत के आदेश के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। सत्यराम ज्ञान योग आश्रम की गद्दी को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है।

# अयोध्या में ट्रेलर से टकराई आलू लदी डीसीएम खलासी की मौत

## चालक सुरक्षित, झपकी आने से हुआ हादसा

**तमसा संकेत, एजेंसी**



अयोध्या। अयोध्या में गुरुवार तड़के करीब 3:15 बजे गिट्टी लदे ट्रेलर में आलू लदी डीसीएम पीछे से जा भिड़ी। हादसे में मैनपुरी निवासी 38 वर्षीय खलासी देवेंद्र कुमार यादव उर्फ प्रधान चाचा की मौत हो गई, जबकि डीसीएम चालक सुरजीत कुमार सुरक्षित बच गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। हादसा इनायतनगर थाना क्षेत्र के आस्था होटल मोड़ के पास हुआ। पुलिस के मुताबिक, गिट्टी लदा ट्रेलर गोरखपुर की ओर जा रहा था। इनायतनगर के आस्था होटल मोड़ के पास ट्रेलर का इंजन अचानक सीज हो गया। इसके बाद चालक ने ट्रेलर को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। इसी बीच पीछे से आ रही आलू लदी डीसीएम ट्रेलर से टकरा गई। शुरुआती जांच में चालक को झपकी आने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, गुरुवार तड़के करीब 3:15 बजे ट्रेलर संख्या BR-28-GB-9881 गिट्टी लेकर गोरखपुर की ओर जा रहा था। ट्रेलर को फतेहपुर के ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ निवासी मिलन कुमार चला रहे थे। आस्था होटल मोड़ के पास पहुंचते ही ट्रेलर का इंजन सीज हो गया।

उसी समय भोगांव मंडी (मैनपुरी) से आलू लादकर अयोध्या मंडी आ रही डीसीएम संख्या UP-84-T-7079 पीछे से ट्रेलर में जा टकराई। डीसीएम को मैनपुरी के जलालपुर निवासी सुरजीत कुमार चला रहे थे।

## कार्रवाई : बुलंदशहर से नौकरी का लालच देकर ले गए, 71 दिन तक बंधक बनाकर रखा

# युवक को मलेशिया में 2 लाख में बेचा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बुलंदशहर। बुलंदशहर के एक युवक को मलेशिया में नौकरी के नाम पर दो लाख रुपए में बेच दिया गया। उसको बुलंदशहर से दिल्ली और फिर वहां से फ्लाइट से थाईलैंड भेजा गया। इसके बाद युवक को डंकी रूट (जंगल के रास्तों) से मलेशिया भेजा गया। इस दौरान उसे खाना-पानी तक नहीं दिया गया।

मलेशिया पहुंचने के बाद युवक को एक तमिल व्यक्ति के हवाले कर दिया गया। 17 अप्रैल को भारत से निकले युवक को 71 दिन तक बंधक बनाकर रखा गया।

इसी बीच बंधक बने युवक ने किसी तरह भारत में पत्नी को फोन कर सारी बात बताई। इसके बाद पत्नी बुलंदशहर एसएसपी के पास पहुंची। आखिरकार, घरवालों ने भारत से 50 हजार रुपए का इंतजाम कर मलेशिया भेजे। तब जाकर युवक की घर वापसी का टिकट हुआ। इसके बाद वह 26 जून को भारत लौटा।



शहाब रिजवी



### मलेशिया पुलिस ने भी मेरी मदद नहीं की

शहाब ने बताया- मुझे मलेशिया के सुबंग जाया इलाके में एक बेहद सुनसान और वीरान जगह पर बंधक बनाकर रखा गया। वहां मुझसे बंधुआ मजदूरी कराई जाती थी। मना करने पर मारा-पीटा जाता था। लगातार 3 दिन तक मुझे खाना-पानी तक नहीं दिया गया। मलेशिया पुलिस से भी मुझे कोई मदद नहीं मिली। इसके बाद किसी तरह जान बचाकर मैंने एजेंटों के चंगुल से खुद को छुड़ाया। फिर छिपकर फोन से अपनी पत्नी नौशीन रिजवी से संपर्क किया। इसके बाद नौशीन ने बुलंदशहर एसएसपी से गुहार लगाई। इसी बीच घरवालों ने पैसे का इंतजाम कर मलेशिया भेजे, जिससे मेरी वापसी का टिकट हुआ। मैं 26 जून को भारत लौटा हूं।

टीम पूरे मामले को जानने के लिए युवक के घर पहुंची। साथ ही एसपी क्राइम ने नरेश कुमार से बात की। एसपी ने मामले में आरोपी फजलू को गिरफ्तार किया है। यह मामला 12 जून को तब सामने आया, जब पीड़ित शहाब रिजवी की पत्नी नौशीन रिजवी ने बुलंदशहर के साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई। शहाब परिवार के साथ बुलंदशहर के शांति नगर (भूड़) में रहते हैं। घर में पत्नी, 2 बच्चे और उनकी मां हैं। कुछ समय पहले शहाब सऊदी अरब से काम करके लौटे थे। इसके बाद किसी और देश में जाने के लिए वीजा की तलाश कर रहे थे।

### एजेंटों के गुर्गों ने मेरा पासपोर्ट और मोबाइल फोन छीन लिया

शहाब बताते हैं- मैं 15 अप्रैल को दिल्ली से इंडिगो की फ्लाइट (6E-1069) से थाईलैंड गया। मुझे लगा कि आगे का सफर सामान्य होगा। लेकिन, थाईलैंड पहुंचते ही एजेंटों के गुर्गों ने मुझे घेर लिया। वे मुझे जंगलों के रास्ते अवैध रूप से (डंकी रूट) मलेशिया ले गए। वहां पहुंचते ही सबसे पहले मेरा पासपोर्ट और मोबाइल फोन छीन लिया गया।

# स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का हुआ शुभारंभ

## छात्र-छात्राओं को पुस्तकें वितरित कर जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

**तमसा संकेत, संवाददाता**



बाराबंकी। शैक्षिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत जनपद बाराबंकी में स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोक सभागार में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजरानी रावत रही, जबकि अध्यक्षता विधान परिषद सदस्य ने की। इस अवसर पर जनपद के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने तथा शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि छह से चौदह वर्ष आयु वर्ग के प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करने तथा पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत शिक्षक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक घर-घर जाकर विद्यालय से बाहर बच्चों का चिन्हांकन करेंगे तथा अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करेंगे। मुख्य अतिथि श्रीमती राजरानी रावत ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे घर-घर संपर्क कर अभिभावकों को जागरूक करें और यह सुनिश्चित करें कि जनपद का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही विकसित भारत की मजबूत नींव है।

### अपराधियों को खुली चेतावनी, एसपी प्राची सिंह ने थानेदारों को दिया सख्त एक्शन प्लान

# महिला अपराध से लेकर गौकशी तक 'जीरो टॉलरेंस'

**निर्देश**

- 'लापरवाही बर्दाश्त नहीं'-रात्रि गश्त बढ़ाने, शातिर अपराधियों पर शिकंजा कसने और डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान तेज करने के निर्देश




**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में अपराध गोष्ठी कर जिले की पुलिसिंग का नया एक्शन प्लान तय किया। बैठक में महिला अपराधों पर जीरो टॉलरेंस, शातिर अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई, गौकशी पर सख्त रुख, चोरी-लूट की घटनाओं की रोकथाम, आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण और डग्गामार वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में कानून-व्यवस्था हर हाल में मजबूत रहनी चाहिए। अपराध नियंत्रण के साथ-साथ आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सक्रिय शातिर एवं अभ्यस्त अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध गैंगस्टर, गुंडा एक्ट सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने तथा संभावित आपराधिक गतिविधियों पर पहले से नजर रखने के भी निर्देश दिए।

एसपी ने आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि केवल औपचारिक रिपोर्ट लगाने के बजाय शिकायतकर्ताओं से स्वयं संपर्क कर फीडबैक लिया जाए। प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों का पुलिस पर भरोसा और मजबूत हो। बैठक में बिना अनुमति संचालित डग्गामार वाहनों के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराने, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नियमित प्रवर्तन कार्रवाई करने को कहा गया।

#### गौकशी, चोरी और लूट पर विशेष फोकस

बैठक में गौकशी के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति दोहराते हुए एसपी ने कहा कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। साथ ही चोरी, लूट और अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग करने और खुफिया तंत्र को सक्रिय रखने के निर्देश दिए।

#### महिला अपराधों में तत्काल कार्रवाई, विवेचना में नहीं चलेगी ढिलाई

अपराध समीक्षा के दौरान एसपी ने महिला संबंधी अपराधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में तत्काल मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित की जाए। लंबित विवेचनाओं और प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करते हुए दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके।

# आपदा से बचाव, राहत और सुरक्षा के गुर सीखेंगे ग्रामीण

### बाढ़ से पहले गांव-गांव पहुंचेगा प्रशासन, टांडा की 19 ग्राम पंचायतों में लगेगी राहत चौपाल

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर। संभावित बाढ़ की चुनौती से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील टांडा की बाढ़ प्रभावित 19 ग्राम पंचायतों में 9 जुलाई से 31 जुलाई तक राहत चौपालों का आयोजन किया जाएगा। चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों को बाढ़ से पहले की तैयारी, आपदा के दौरान बचाव के उपाय और राहत व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

उप जिलाधिकारी टांडा ने बताया कि राहत चौपालों में ग्रामीणों को बाढ़ के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियां, सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों तक पहुंचने की प्रक्रिया, तटबंधों के आसपास रहने वाले लोगों के लिए विशेष एहतियात, बच्चों, बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा संबंधी जानकारी दी जाएगी। चौपालों में जलजनित रोगों की रोकथाम, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, सर्पदंश एवं डूबने जैसी आपात स्थितियों में प्राथमिक उपचार, पशुओं की सुरक्षा, पशु चिकित्सा सुविधाएं, हेल्पलाइन नंबर, राहत शिविरों और जिला नियंत्रण कक्ष की जानकारी भी साझा की जाएगी। ग्रामीणों से अफवाहों से बचने और केवल प्रशासन की आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की जाएगी। राहत चौपालों में ग्राम प्रधान, लेखपाल, ग्राम पंचायत अधिकारी, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सहायक के साथ राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, पशुपालन, सिंचाई, विद्युत, पूर्ति एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर समाधान का भी प्रयास किया जाएगा।

जिला प्रशासन ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों के लोगों से राहत चौपालों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने, सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने और किसी भी आपात स्थिति में केवल अधिकृत सूचनाओं पर ही विश्वास करने की अपील की है।

**फास्ट न्यूज**

#### जलकुंभी में दम तोड़ रही तमसा

अंबेडकरनगर। जिला मुख्यालय अकबरपुर से होकर गुजरने वाली ऐतिहासिक तमसा नदी का अस्तित्व धीरे-धीरे संकट में पड़ता दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नियमित सफाई के अभाव में नदी का प्राकृतिक स्वरूप खत्म होता जा रहा है, जबकि बरसात से पहले व्यापक सफाई की जरूरत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका परिषद अकबरपुर की ओर से वार्डों से एकत्रित कचरे का निस्तारण नदी किनारे किए जाने से समस्या और गंभीर हो गई है।

#### एनटीपीसी टांडा को मिला नया नेतृत्व

अंबेडकरनगर। एनटीपीसी टांडा को नया परियोजना प्रमुख मिल गया है। मुख्य महाप्रबंधक राजीव कुमार सिन्हा ने गुरुवार को एनटीपीसी टांडा के परियोजना प्रमुख के रूप में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। उनके आगमन पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वागत करते हुए नए नेतृत्व से परियोजना को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीद जताई।

भागलपुर विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग (बीएससी इंजीनियरिंग) की पढ़ाई पूरी करने वाले राजीव कुमार सिन्हा ने 15 मार्च 1993 को एनटीपीसी में कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी।

#### कुछ ही घंटों में मिला लापता मासूम

अंबेडकरनगर। थाना अलीगंज क्षेत्र से लापता छह वर्षीय बालक को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की सक्रियता से मासूम के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार जताया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा और सहायता के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

## ढाई साल पुरानी रंजिश का मिला अंजाम, गला दबाकर की थी हत्या

### 2023 के चर्चित पंचम हत्याकांड में फैसला

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर। करीब ढाई वर्ष पुराने चर्चित पंचम हत्याकांड में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (त्वरित द्वितीय) भारतेंदु प्रकाश गुप्त की अदालत ने अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों को पर्याप्त मानते हुए आरोपी मुकेश कुमार को हत्या का दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोषी पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार, बेवाना थाना क्षेत्र के इटरौरा अशरफाबाद गांव में 27 अक्टूबर 2023 की रात पंचम अपने चचेरे भाई अभिषेक के साथ भोजन करने के बाद दूसरे घर पर सोने जा रहे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी मुकेश कुमार ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और गला दबाकर हमला कर दिया। अभिषेक ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने पंचम को जमीन पर गिरा दिया। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी फरार हो गया। गंभीर हालत में परिजन पंचम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के पिता की तहरीर पर बेवाना पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया और विवेचना पूरी कर आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया।

# 15 जुलाई के बाद बिना फिटनेस परमिट दौड़ी स्कूल बस तो होगी सीज

### डीएम का सख्त अल्टीमेटम स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर प्रशासन सख्त

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 15 जुलाई के बाद बिना फिटनेस और परमिट के संचालित मिलने वाली किसी भी स्कूल बस को तत्काल सीज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्कूल वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने विद्यालयी वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण-पत्र, पंजीकरण और चालक के ड्राइविंग लाइसेंस सहित सभी अभिलेखों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विद्यालय अपने वाहनों के पंजीकरण, फिटनेस, बीमा, परमिट, प्रदूषण प्रमाण-पत्र और चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस का नियमित सत्यापन कराएं। बिना वैध दस्तावेज के किसी भी स्कूल वाहन का संचालन नहीं होना चाहिए।

बैठक में निर्देश दिए गए कि जिन विद्यालयों में अभी तक विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति का गठन नहीं हुआ है, वहां तत्काल समिति गठित की जाए। सभी विद्यालय 30 जुलाई तक समिति की बैठक आयोजित कर उसकी कार्यवाही एआरटीओ कार्यालय को उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों को वाहन चालकों और परिचालकों का पुलिस सत्यापन कराने, ड्राइविंग लाइसेंस की जांच कराने तथा उनके स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित कराने के निर्देश दिए।

परिवहन विभाग की ओर से बताया गया कि 1 जुलाई से 15 जुलाई तक मिशन : सेफ फ्यूचर₹ अभियान के तहत विद्यालयी वाहनों की शत-प्रतिशत फिटनेस और परमिट सुनिश्चित कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सघन प्रवर्तन कार्रवाई भी की जाएगी।

## ओवरटेक बना जानलेवा ट्रैक्टर ट्रॉली पर लदे बांस से टकराई कार

### सदरपुर के पास देर रात हुआ दर्दनाक हादसा

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर। अकबरपुर-टांडा मार्ग पर बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में निजी बैंक के डिप्टी बैंक मैनेजर की मौत हो गई। मीटिंग समाप्त कर कार से घर लौट रहे अधिकारी की कार सदरपुर के पास आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदे लंबे बांस से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक सीट पर बैठे बैंक अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 45 वर्षीय चंदन विकास के रूप में हुई है। वह एक निजी बैंक में डिप्टी बैंक मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। मूल रूप से बिहार निवासी चंदन विकास वर्तमान में अकबरपुर थाना क्षेत्र की इंद्रलोक कॉलोनी में रहकर अपनी सेवाएं दे रहे थे। जानकारी के अनुसार, बुधवार रात करीब 10 बजे चंदन विकास मीटिंग समाप्त होने के बाद कार से अपने आवास लौट रहे थे। सदरपुर के पास उन्होंने आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान ट्रॉली पर लदे लंबे बांस से उनकी कार टकरा गई। तेज रफ्तार के कारण टक्कर बेहद भीषण रही और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल चंदन विकास को तत्काल जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही बैंक कर्मियों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई।

# युवती रहस्यमय ढंग से लापता

### नहर किनारे मिलीं चप्पलें और दुपट्टा, डूबने की आशंका पर सर्च ऑपरेशन तेज

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के टंडवा सिसारा गांव में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर नहर की पटरी पर एक युवती का दुपट्टा और चप्पलें लावारिस हालत में मिलीं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नहर में युवती के डूबने की आशंका के मद्देनजर गोताखोरों के साथ सघन तलाश अभियान शुरू करा दिया। घटना से पूरे गांव में चिंता और दहशत का माहौल है।

लापता युवती की पहचान गांव निवासी राम प्रताप की 24 वर्षीय पुत्री प्रीति के रूप में हुई है।

सूचना मिलते ही सम्मनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और नहर में युवती के डूबने की आशंका को देखते हुए गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान शुरू कराया। पुलिस नहर और आसपास के क्षेत्र में लगातार खोजबीन करा रही है।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि प्रीति मानसिक रूप से अस्वस्थ थी और उसका उपचार पीजीआई टांडा में चल रहा था। पुलिस इस तथ्य को भी जांच का हिस्सा मानते हुए मामले के सभी पहलुओं पर पड़ताल कर रही है। थानाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला नहर में डूबने की आशंका का प्रतीत होता है, लेकिन सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है। परिजनों से पूछताछ की गई है और युवती की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी महत्वपूर्ण सूचना की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

**गुरुवार सुबह गांव के बाहर नहर की पटरी पर ग्रामीणों की नजर एक दुपट्टे और चप्पलों पर पड़ी। पहचान होने पर पता चला कि यह सामान प्रीति का है। इसके बाद गांव में हड़कंप मच गया और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।**

#### रात में शौच के लिए निकली, फिर नहीं लौटी

परिजनों के मुताबिक, प्रीति बुधवार रात घर से शौच के लिए निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। काफी देर इंतजार के बाद परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। रातभर परिजन और ग्रामीण संभावित स्थानों पर खोजबीन करते रहे।

## फरियाद के साथ मिला पौधा कलेक्ट्रेट में डीएम ने बांटी हरियाली की सौगात

### अधिवक्ताओं और कर्मचारियों को निःशुल्क वितरित किए पौधे

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर। पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अनूठी पहल देखने को मिली। जिलाधिकारी ईशा प्रिया के निर्देशन में वृक्षारोपण महाअभियान के तहत फलदार पौधों का भंडारा आयोजित किया गया। जनता दर्शन में पहुंचे फरियादियों, अधिवक्ताओं, आमजन और कलेक्ट्रेट कर्मचारियों को निःशुल्क फलदार पौधे वितरित कर अधिक से अधिक पौधारोपण का संदेश दिया गया। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने स्वयं लोगों को फलदार पौधे वितरित किए और उनसे केवल पौधे लगाने ही नहीं, बल्कि उनके नियमित संरक्षण और देखभाल का भी संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान मौसम पौधरोपण के लिए सबसे उपयुक्त है और इस समय लगाए गए पौधे भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ फल, शुद्ध वायु और हरियाली का आधार बनेंगे। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित पौध भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने पौधे प्राप्त किए और उन्हें रोपित करने का संकल्प लिया। प्रशासन का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण से जोड़कर जिले में हरित क्षेत्र का विस्तार करना है। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण और वृक्षों के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया।

**जिलाधिकारी ने कहा कि पौधारोपण को केवल सरकारी अभियान के रूप में नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में देखा जाना चाहिए। जनभागीदारी से ही हरित एवं समृद्ध अंबेडकरनगर का लक्ष्य साकार हो सकेगा।**

## किताबों से निकलकर समाज के बीच पहुंचे युवा

**तमसा संकेत, संवादाता**



- परम फाउंडेशन संग सामाजिक इंटर्नशिप पूरी कर पेश की सेवा की मिसाल
- स्वास्थ्य शिविर, 'परम पाठशाला', तमसा स्वच्छता और वृक्षारोपण अभियान में छात्रों ने निभाई सक्रिय भूमिका

अंबेडकरनगर। तकनीकी एवं विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की अनिवार्य सामाजिक सहभागिता योजना के तहत समाज सेवा का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसने शिक्षा को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ने की नई मिसाल कायम की। परम फाउंडेशन ट्रस्ट के सहयोग से विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया।

अकबरपुर स्थित परम फाउंडेशन ट्रस्ट के निर्देशन में आयोजित इस सामाजिक इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों ने कक्षा की पढ़ाई से आगे बढ़कर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समाज की वास्तविक जरूरतों को समझा तथा सेवा कार्यों में स्वयं को समर्पित किया। इंटर्नशिप के दौरान छात्रों ने विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों में मरीजों के पंजीकरण, व्यवस्था संचालन, जागरूकता अभियान और चिकित्सा सेवाओं के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### धरना-प्रदर्शन : अकबरपुर-टांडा मार्ग पर घंटों जाम, पुलिस ने समझाकर खुलवाया रास्ता

# बारिश भी नहीं डिगा सकी हौसला सड़क पर उतरीं आशा बहुएं

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर। मानदेय, कर्मचारी का दर्जा और सामाजिक सुरक्षा सहित 17 सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को जिले की आशा कार्यकर्ताओं का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। अखिल आशा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले सैकड़ों आशा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के निकट डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। दोपहर बाद प्रदर्शन ने उग्र रूप ले लिया और कार्यकर्ताओं ने अकबर-पुर-टांडा मार्ग जाम कर दिया। इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। जाम की सूचना पर कोतवाली अकबरपुर प्रभारी संतोष सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद प्रदर्शनकारियों ने सड़क खाली की, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। प्रदर्शन के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने प्रोत्साहन राशि की व्यवस्था समाप्त कर 18 हजार से 36 हजार तक मासिक वेतन, समान कार्य के लिए समान वेतन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों का संविलियन, पदोन्नति कैडर, वार्षिक वेतन वृद्धि, ईपीएफ, ईएसआई, पेंशन, दुर्घटना अथवा मृत्यु पर 5 लाख मुआवजा, सेवानिवृत्ति पर 10 लाख लाभ, यात्रा भत्ता, टीकाकरण कार्य का पारिश्रमिक बढ़ाकर 1000 प्रतिदिन, विश्राम कक्ष की व्यवस्था तथा एएनएम पद पर पदोन्नति सहित 17 सूत्रीय मांगों को तत्काल लागू करने की मांग की।

#### 'काम कई विभागों का, दर्जा अब भी नहीं'

महासंघ की जिलाध्यक्ष ऊषा पटेल ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने, टीकाकरण, जनस्वास्थ्य और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके बावजूद उन्हें आज तक कर्मचारी का दर्जा और सम्मानजनक वेतन नहीं मिला। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अलावा महिला एवं बाल विकास, राजस्व और सामाजिक कल्याण सहित कई विभागों की जिम्मेदारियां भी आशा कार्यकर्ता निभा रही हैं।

#### मूसलाधार बारिश में भी नहीं छोड़ा मोर्चा

धरना समाप्त होने के बाद आशा कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचीं, जहां जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के लिए उन्हें तेज बारिश के बीच लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। बारिश के बावजूद कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर डटी रहीं और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करती रहीं।

## एक बोरी खाद पर 50 रुपये 'कागजी टैक्स' दस्तावेजों के फेर में उलझे किसान

**तमसा संकेत, संवाददाता**




- यूरिया-डीएपी लेने से पहले फार्मर रजिस्ट्री, खतौनी, आधार और घोषणा पत्र की अनिवार्यता; अतिरिक्त खर्च और समय से बढ़ी परेशानी

अंबेडकरनगर। खरीफ सीजन में खेतों के लिए जरूरी यूरिया और डीएपी खाद लेने पहुंचे किसानों को इस बार कागजी औपचारिकताओं का लंबा चक्कर काटना पड़ रहा है। साधन सहकारी समितियों पर खाद वितरण से पहले किसानों से फार्मर रजिस्ट्री, खतौनी, आधार कार्ड की छायाप्रति और घोषणा पत्र जमा कराया जा रहा है। इन दस्तावेजों की व्यवस्था कराने में किसानों को प्रति बोरी करीब 50 रुपये तक अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है।

किसानों का कहना है कि एक बोरी खाद लेने के लिए पहले फोटोस्टेट की दुकानों पर जाना पड़ता है। फार्मर रजिस्ट्री, खतौनी और आधार कार्ड की प्रतियां तैयार कराने के बाद घोषणा पत्र भरने की प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है। इससे खाद लेने में समय भी अधिक लग रहा है और अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी बढ़ गया है।

कई किसानों ने सवाल उठाया कि जब उनकी भूमि, आधार और किसान संबंधी जानकारी पहले से सरकारी पोर्टल पर दर्ज है, तो हर बार उन्हीं दस्तावेजों की प्रतियां जमा कराने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है। उनका कहना है कि प्रक्रिया को डिजिटल और सरल बनाया जाए ताकि किसानों को अनावश्यक दौड़-भाग न करनी पड़े।

जानकारी के अनुसार जनपद की अधिकांश साधन सहकारी समितियों पर खाद वितरण के दौरान यही प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

# सम्पादकीय

## मनमानी का नतीजा



अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम पर बनी सहमति कायम हुए 20 दिन भी नहीं हुए कि दोनों देश न केवल फिर से आमने-सामने आ गए, बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी कह दिया कि मेरे हिसाब से अब युद्ध विराम खत्म हो चुका है। उन्होंने यह कहने में भी संकोच नहीं किया कि ईरान का नेतृत्व करने वाले बुरे एवं बीमार मानसिकता के हिंसक लोग हैं और अब उनसे बात करना समय की बर्बादी है। विश्व समुदाय के लिए इससे बुरी खबर और कोई नहीं हो सकती, क्योंकि यह टकराव तेल और गैस के दामों में उछाल लाने का कारण बनेगा।

अमेरिका और ईरान इसलिए फिर टकराव की राह पर आए, क्योंकि ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग से गुजर रहे तीन जहाजों पर यह कहकर हमला कर दिया कि वे तय रास्ते से नहीं निकल रहे थे और उन्होंने उसकी चेतावनी की भी अनदेखी की। ईरान की इस कार्रवाई से चिढ़े अमेरिका ने न केवल उसके कई ठिकानों पर बमबारी की, बल्कि उसे दी गई तेल बिक्री की छूट भी खत्म कर दी। इसके जवाब में ईरान ने भी खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। यह सब उस समय हो रहा है, जब ईरान अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार की रस्में पूरी करने में लगा हुआ है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि जैसे ईरान होर्मुज पर आधिपत्य जमाने की बेजा कोशिश कर रहा है, वैसे ही अमेरिकी राष्ट्रपति भी दुनिया को यह दिखाने को आतुर हैं कि वे ईरान को अपनी शर्तों पर झुकने के लिए बाध्य करके रहेंगे। ट्रंप इसीलिए मनमानी कर पा रहे हैं, क्योंकि वे अमेरिकी संसद द्वारा युद्ध रोकने के प्रस्ताव को तब तक खारिज करने में समर्थ हैं, जब तक दोनों सदन दो तिहाई बहुमत से राष्ट्रपति के वीटो अधिकार के खिलाफ प्रस्ताव न पारित कर दें। ट्रंप के पास यह तर्क भी है कि युद्ध विराम हो जाने के कारण 60 दिन की वह समय सीमा समाप्त हो गई, जिसके तहत कहीं युद्ध छेड़ने के लिए संसद की औपचारिक मंजूरी की आवश्यकता होती है। साफ है कि ट्रंप अपनी शक्तियों का मनमाना इस्तेमाल कर रहे हैं। सच यह भी है कि होर्मुज को लेकर ईरान भी मनमानी कर रहा है, क्योंकि वह खुद को पश्चिम एशिया का नीति-नियंता यानी दादा साबित करना चाहता है। अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता कराने वाले पाकिस्तान एवं कतर जैसे देश इसलिए असहाय और निरुपाय हैं, क्योंकि उनकी अमेरिका के सामने कोई हैसियत नहीं। पाकिस्तान तो संदेशों का आदान-प्रदान करने के अलावा और कुछ कर ही नहीं सकता। एक नाजुक युद्धविराम के खत्म होने की कगार पर पहुंचने से हैरानी नहीं, लेकिन यह विश्व अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की घंटी ही है। इससे अमेरिका, ईरान के साथ पुरी दुनिया को नुकसान होगा।

# आख़िर चढ़ावा चोरी और वक्फ चोरी में फर्क क्यों करता है विपक्ष



> जहाँ तक उपर्युक्त प्रश्न का संबंध है कि ऐसे दलों की मान्यता रद्द होनी चाहिए भारत में किसी राजनीतिक दल की मान्यता केवल उसके विचारए बयान या किसी मुद्दे पर अलग रुख अपनाने के कारण रद्द नहीं की जा सकती।

किसी भी लोकतंत्र की सफलता राजनीतिक दलों की नेकनीयती और दूरदर्शिता पर निर्भर करती है लेकिन जब राजनीतिक दल ही दोहरीए दोमुंहीए पक्षपाती बातचीत करने लगें तो नीतियां शर्माएंगी और इनके द्वारा बनाए हुए कानून वकीलों के स्वर्ग बन जाएंगे। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत भी इन्हीं विडंबना भरी सियासी परिस्थितियों से दो चार होता आया है।

जहां धर्मनिरपेक्षताए सामाजिक न्यायए राष्ट्रभाषाए सुशासनए मौलिक सनातन संस्कृति और विकास आदि पर हमारे दलों की मतभिन्नताओं की कीमत भारतवासी चुकाते आए हैं।वहींए आजकल भारत के सियासी गलियारों में एक प्रश्न बहुत तेजी से चर्चितध्वायरल हो रहा है कि आख़िर श्चढ़ावा चोरीश् और श्वक्फ चोरीश् में विपक्ष फर्क क्यों करता हैघ्

यूँ तो यह एक राजनीतिक प्रश्न हैए और इसका उत्तर किसी एक तथ्य से नहीं दिया जा सकता क्योंकि सभी विपक्षी दलों का रुख एक जैसा नहीं होता। फिर भी जनता का एक बड़ा धड़ा जो देखए सुनए कह रहा हैए उसका सार.सत्य यह है कि कांग्रेसए आपए झामुमोए सपाए बसपाए राजदए टीएमसीए एनसीपीए शिवसेनाए नेशनल कांफ्रेंसए डीएमके जैसे विपक्षी दल या उनके नेता मंदिरों में चढ़ावे की चोरी और वक्फ संपत्तियों से जुड़े कथित अनियमितताओं पर जो अलग.अलग स्तर की प्रतिक्रिया देते हैंए वह राजनीतिक मर्यादाओं के प्रतिकूल टिप्पणी प्रतीत होती है।

दल उन मुद्दों पर अधिक मुखर होते हैं जिन्हें वे अपने समर्थकों के लिए अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। भाजपा नीत एनडीए भी जब विपक्ष में होता है तो दुविधा भरी बातें करता है और सत्ता में आते ही अपने ही एजेंडे से या तो पलट जाता है या फिर टालमटोल वाला रवैया अपनाता है। देश में सबसे ज्यादा समय तक सत्ता में रही कांग्रेस भी विपक्ष में आते ही अपनी ही नीतियों पर कभी अंगुली उठाती है तो कभी मुद्दों को भटकाती है।

अलग.अलग मामलों में उपलब्ध साक्ष्यए जांच की स्थिति और कानूनी संदर्भ भिन्न हो सकते हैं। लेकिन राजनीतिक दलों के विवेक होने चाहिए कि वह मानवता व प्राणिमात्र के कल्याण के लिए कानूनी विरोधाभास पर सवालिया निशान उठाएं और तथ्यों के साथ मतलबी खिलवाड़ कर रही नौकरशाही और कारोबारियों की सांठगांठ वाली मानसिकता को बेनकाब करें। वहींए सिर्फ वोटबैंक के खातिर जनता के बीच मतभेद बढ़ाने वाले अनर्गल बातें फैलाने से परहेज करेंए ताकि सामाजिक सद्भावए राष्ट्रीय एकता व अखंडता को मजबूती मिले। भले ही दल किसी मुद्दे पर बोलने या न बोलने का निर्णय संभावित राजनीतिक प्रभाव को ध्यान में रखकर भी लेते हैं लेकिन यह परिपाटी गलत है। नीतिगत मुद्दों पर उनकी सियासी दुविधा से भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि और हित दोनों प्रभावित होते हैं। भारत के राजनीतिक दलों में गैरकानूनी बातों की हिमायत करने और कार्रवाई से बच जाने का जो फैशन बढ़ा हैए वह शर्मनाक स्थिति है। आखिर आप एक ही जैसे मुद्दे पर दोहरा स्टैंड कैसे ले सकते हैंघ् क्या वैचारिक रूप से अनपढ़ और औसत दर्जे के लोग इस सियासी मतलब परस्ती को समझ पाएंगेए शायद नहीं! इसलिए सभी दलों को कानूनी रूप से वैचारिक नजरिये के लिए जिम्मेदार ठहराने की जरूरत है।

विभिन्न दल धार्मिक संस्थाओं और उनसे जुड़े मामलों को अलग.अलग नजरिए से देखते हैं जो धर्मनिरपेक्षता की मूल अवधारणा के प्रतिकूल है। यह नीतिगत रूप से अनैतिक है। जातिए धर्मए भाषाए क्षेत्र और लिंग जैसे विभेद पर स्पष्ट राष्ट्रीय नीतिए अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुकूल बननी चाहिए और सभी राजनीतिक दलों के लिए बाध्यकारी होनी चाहिए। इससे भटकने पर उनकी मान्यता रद्द होनी चाहिएए क्योंकि राष्ट्रीय दलों और क्षेत्रीय दलों की सियासत के लिए भारत और भारतीयों के सुख.शांति से समझौता नहीं किया जा सकता है। ऐसे में यदि किसी दल का रवैया वास्तव में समान प्रकृति के मामलों में असंगत दिखाई देता हैए तो उसके आलोचक इसे दोहरा मापदंड कह सकते हैं। वहीं संबंधित दल अपने रुख के समर्थन में अलग तर्क दे सकते हैं। हालांकिए लोकतांत्रिक और संवैधानिक दृष्टि से आदर्श स्थिति यही है कि मंदिरए वक्फए गुरुद्वाराए चर्च या किसी भी धार्मिक संस्था की संपत्ति या धन से जुड़े अपराधों पर कानून समान रूप से लागू हो और सभी राजनीतिक दल एक समान नैतिक मानदंड अपनाएँ। किसी भी मामले का मूल्यांकन उसके तथ्यों और जांच के आधार पर होना चाहिएए न कि संबंधित धार्मिक संस्था के आधार पर।

वास्तव मेंए चढ़ावा चोरी और वक्फ चोरी में विपक्षी फर्क को मुख्यतः राजनीतिक धारणा और दलों के सार्वजनिक रुख से जुड़ा करार दिया जाता हैए जिसका कोई एक सार्वभौमिक उत्तर नहीं है। ऐसे में यदि किसी विपक्षी दल ने मंदिरों में चढ़ावे की चोरी की कड़ी निंदा की होए लेकिन वक्फ संपत्तियों में कथित अनियमित-ताओं या अवैध कब्जों पर अपेक्षाकृत कम मुखर रुख अपनाया हो ;या इसके उलटद्धए तो उसके आलोचक इसे दोहरा मापदंड कह सकते हैं। वहीं संबंधित दल यह तर्क दे सकते हैं कि दोनों मामलों के तथ्यए कानूनी स्थिति या उपलब्ध साक्ष्य अलग हैंए इसलिए उनकी प्रतिक्रिया भी अलग रही। यह अनुचित है। राजनीतिक दलों को ऐसी छूट नहीं मिलनी चाहिए।

सिद्धांततः सभी राजनीतिक दलों से यह अपेक्षा की जाती है कि चाहे मंदिरों के चढ़ावे की चोरी होए या वक्फ संपत्तियों में कथित गड़बड़ी होए या फिर किसी अन्य धार्मिक संस्था की संपत्ति से जुड़ा अपराधकृसभी मामलों में कानून समान रूप से लागू हो। राजनीतिक दल अपराध की प्रकृति के आधार पर प्रतिक्रिया देंए न कि संबंधित धार्मिक संस्था के आधार पर। ऐसे मामलों की जांच निष्पक्ष हो और दोषी पाए जाने वालों दलों व उनके सम्बन्धित नेताओं पर समान कानूनी कार्वाई हो।

यदि किसी दल का रुख वास्तव में अलग.अलग धार्मिक संस्थाओं के मामलों में असंगत दिखाई देता हैए तो यह राजनीतिक आलोचना का विषय हो सकता है। लेकिन यह निष्कर्ष कि ष्पूरा विपक्षष् या ष्सभी विपक्षी दलष् ऐसा करते हैंए बिना प्रत्येक दल के बयानों और आचरण के प्रमाण के नहीं निकाला जा सकता।

**कमलेश पांडेय**

# आगमवाणी का मिलना हमारा सौभाग्य

रिद्धि और सिद्धि , शक्ति और भक्ति ,ज्ञान और ध्यान , प्रीत और जीत , आशा और अभय , सम्मान और समृद्धि, आरोग्य और सौभाग्य आदि- आदि हमारे जीवन में उपरोक्त सभी विशिष्ट युग्मों का समावेश कराने वाले संतों का मिलना दुर्लभ हैं । वह उनकी वाणी का मिलना श्रेयस्कर हैं । जीवन में सुनना भी एक अच्छा कार्य हैं । हम प्रशिक्षक की बात सुनें, प्रवचन सुनें और अन्य कोई प्रेरणादायक बात आदि हो तो उसे सुनें । इस प्रकार श्रुति भी मानों विशेष कार्य हैं । श्रोतेन्द्रिय का बहुत महत्व हैं, जो प्राणी सुनने वाला होता हैं वही जीव पंचेन्द्रिय प्राणी होता हैं । श्रोत्र हमें प्राप्त हैं और सुनने से हमे अनेक जानकारियां मिल सकती हैं । कलात्मक बोलना तो एक कला है ही पर किसी को सुनना भी वैसे ही एक असरदार कला है। जो बोलने की कला से कठिन है पर बोलने की कला से कहीं ज्यादा प्रभाव पैदा करने वाली यह कला हैं। जब कोई व्यक्ति किसी को पूरे ध्यान से सुनता है तो बोलने वाला खुलने लगता है। उसे लगता है कि उसकी बात व्यर्थ नहीं जा रही है अपितु श्रोता के दिलो-दिमाग पर असर कर रही है। सुनने की कला में विशेष बात है कि बोलने वाला को लगना चाहिए उसकी बात के भाव समझे जा रहे हैं श्रोता उसकी बात से जुड़ रहा है। साधु - साध्वीयों द्वारा दिया जाने वाला आध्यात्मिक प्रवचन एक पवित्र कार्य हैं । यह पुनीत आर्षवाणी जब कानों द्वारा सुनी जाती हैं तो मानों कान धन्य हो जातें हैं । साधु त्यागी हों और साथ में ज्ञानी भी हो तो बहुत अच्छी बात हो सकती हैं । चरित्रात्माओं के मुख से आगमवाणी का श्रवण करने का अवसर मिले तो यह सौभाग्य की बात होती हैं । साधु- साध्वीयों, समणीयों और हम गृहस्थों को बहुश्रुत होना एक बात हैं और बहुश्रुत होने के साथ - साथ यदि प्रस्तुति की कला भी अच्छी हो जाए तो उसके साथ अच्छी उपलब्धि जुड़ जाती हैं । कई ऐसे भी होते हैं जिनके पास ज्ञान तो बहुत होता हैं परन्तु उनसे प्रस्तुति ठीक प्रकार से नहीं हो पाती हैं ।

**> प्रदीप छाजेड़**

## जलवायु परिवर्तन के...

कुमार कृष्णन

# एथेनॉल क्रांति : ऊर्जा की राह चुनौतियों की छाया

भारत ऊर्जा सुरक्षाए पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में जिस परिवर्तनकारी अभियान को आगे बढ़ा रहा हैए उसमें एथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम ;एथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्रामद्ध एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभरा है। कुछ वर्ष पहले तक पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने की चर्चा केवल नीति दस्तावेजों तक सीमित थी लेकिन आज यह देश की ऊर्जा रणनीतिए कृषि अर्थव्यवस्था और औद्योगिक निवेश का प्रमुख आधार बन चुकी है। सरकार का लक्ष्य आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करनाए कार्बन उत्सर्जन घटाना और गन्ना तथा अन्य कृषि उत्पादों के लिए वैकल्पिक बाजार तैयार करना है। पहली दृष्टि में यह नीति बहुआयामी लाभ देती दिखाई देती हैए किंतु इसके साथ कुछ ऐसे प्रश्न भी जुड़े हैं जिन्हें अनदेखा करना भविष्य में गंभीर आर्थिकए सामाजिक और पर्यावरणीय चुनौतियाँ पैदा कर सकता है।



भारत अपनी पेट्रोलियम आवश्य-कताओं का अधिकांश हिस्सा आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार.चढ़ाव का सीधा प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऐसे में एथेनॉल सम्मिश्रण विदेशी मुद्रा की बचत और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया। गन्ने के रसए शीरेए टूटे चावलए मक्का तथा अन्य कृषि उत्पादों से बनने वाला एथेनॉल पेट्रोल के साथ मिलकर जीवाश्म ईंधन की खपत कम करता है। इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आने की भी उम्मीद की जाती है।

इस नीति का दूसरा बड़ा पक्ष किसानों से जुड़ा है। लंबे समय तक चीनी उद्योग गन्ना किसानों के बकाया भुगतान की समस्या से जूझता रहा। एथेनॉल उत्पादन ने चीनी मिलों को आय का नया स्रोत दियाए जिससे किसानों के भुगतान में अपेक्षाकृत सुधार हुआ। विशेषकर उत्तर प्रदेशए महाराष्ट्रए कर्नाटक और बिहार जैसे राज्यों में अनेक चीनी मिलों ने एथेनॉल उत्पादन क्षमता बढ़ाई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में निवेश और रोजगार के नए अवसर भी बने हैं। सरकार ने वर्ष 2025.26 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल सम्मिश्रण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति भी हुई है। अनेक राज्यों में नई डिस्टिलरियाँ स्थापित हो रही हैं और निजी निवेश बढ़ रहा है। यह परिवर्तन केवल ऊर्जा क्षेत्र तक सीमित नहीं हैए बल्कि कृषि और उद्योग के बीच नए संबंध भी स्थापित कर रहा है।

लेकिन हर बड़ी क्रांति अपने साथ कुछ जटिल प्रश्न भी लेकर आती है। सबसे पहला प्रश्न खाद्य सुरक्षा का है। यदि एथेनॉल उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर मक्काए गन्ना और अन्य खाद्यान्नों का उपयोग होने लगेए तो इसका असर खाद्य उपलब्धता और कीमतों पर पड़ सकता है। दुनिया के कई देशों का अनुभव बताता है कि जब कृषि उत्पादन का बड़ा हिस्सा ईंधन उद्योग की ओर मुड़ता हैए तब खाद्य बाजार में अस्थिरता पैदा होने लगती है।

भारत जैसे देश में यह चिंता और भी महत्वपूर्ण हैए जहाँ अभी भी बड़ी आबादी खाद्य सुरक्षा योजनाओं पर निर्भर है। यदि खाद्यान्न का उपयोग ईंधन उत्पादन में तेजी से बढ़ता है तो गरीब उपभोक्ताओं पर महँगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। इसलिए ऊर्जा सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखना सबसे बड़ी नीति चुनौती होगी।

दूसरा महत्वपूर्ण प्रश्न जल संसाधनों का है। भारत में एथेनॉल उत्पादन का सबसे बड़ा आधार गन्ना हैए जबकि गन्ना देश की सबसे अधिक पानी खपत करने वाली फसलों में शामिल है। ऐसे समय में जब महाराष्ट्रए कर्नाटकए बिहार और उत्तर भारत के अनेक हिस्से भूजल संकट का सामना कर रहे हैंए तब गन्ने के उत्पादन को लगातार बढ़ाना दीर्घकालिक दृष्टि से कितना टिकाऊ होगाए इस पर गंभीर विचार आवश्यक है।

जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। ऐसे में केवल एथेनॉल उत्पादन बढ़ाने की दृष्टि से जल.गहन खेती को प्रोत्साहित करना भविष्य में पर्यावरणीय संकट को और गहरा कर सकता है। इसलिए एथेनॉल नीति का मूल्यांकन केवल उत्पादन और निवेश के आधार पर नहींए बल्कि जलए भूमि और प्राकृतिक संसाधनों पर उसके प्रभाव के आधार पर भी किया जाना चाहिए।

अगले भाग में एथेनॉल नीति के पर्यावरणीयए आर्थिकए खाद्य सुरक्षाए भूमि उपयोगए जैव विविधता तथा अंतरराष्ट्रीय अनुभवों का विश्लेषण किया जाएगा।

एथेनॉल नीति का तीसरा महत्वपूर्ण पक्ष भूमि उपयोग और कृषि विविधता से जुड़ा है।

# शाहजहांपुर में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से संवर रहा पारंपरिक शिल्पियों का भविष्य

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण और शहरी अंचलों में सदियों से चली आ रही पारंपरिक कारीगरी को पुनर्जीवित करने और स्थानीय हुनरमंदों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियां अत्यंत दूरगामी और प्रभावी साबित हो रही हैं। जिला स्तर पर इन योजनाओं का क्रियान्वयन स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ-साथ उन परिवारों के जीवन में समृद्धि का नया सवेरा लेकर आया है, जो लंबे समय से आधुनिक संसाधनों के अभाव में हाशिए पर थे। शाहजहांपुर जनपद में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के सफल संचालन से हजारों शिल्पकारों और श्रमिकों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उनके हुनर को एक नया मंच प्रदान किया गया है, जिससे उनका खोया हुआ सामाजिक और आर्थिक सम्मान वापस लौट रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान शासन की कल्याणकारी सोच और जिला प्रशासन के कुशल प्रबंधन व जमीनी प्रयासों के परिणामस्वरूप शाहजहांपुर जिले में 1,050 पारंपरिक कारीगरों को सीधे तौर पर लाभान्वित किया गया। यह संख्या मात्र एक सरकारी आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह उन परिवारों की आत्मनिर्भरता की जीवंत कहानी है जो पीढ़ियों से बढ़ई, दर्जी, टोकरी बुनकर, नाई, सुनार, लोहार, कुम्हार, हलवाई, मोची और राजमिस्त्री जैसे पारंपरिक हस्तशिल्प से जुड़े हुए हैं। इन हुनरमंदों को आधुनिकता के इस युग में बाजार की तीव्र प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार किया गया है, ताकि उनका रोजगार न केवल सुरक्षित रहे बल्कि उसमें निरंतर वृद्धि भी सुनिश्चित हो सके। योजना की संवेदनशीलता और प्रभावशीलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान शाहजहांपुर जनपद में लगभग चार हजार उत्साही और जरूरतमंद युवाओं तथा कारीगरों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए थे। प्रशासन द्वारा पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिसके बाद उन्हें उनकी रुचि और पारिवारिक व्यवसाय के अनुरूप विशिष्ट और निशुल्क कौशल उन्नयन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान लाभार्थियों के रहने और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई ताकि वे बिना किसी मानसिक और आर्थिक तनाव के आधुनिक विधाओं को सीख सकें और अपने हुनर को और अधिक निखार सकें। कौशल सुधार की इस प्रक्रिया को पूरा करने के बाद सभी चयनित लाभार्थियों के बैंक खातों में चार हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। इस वित्तीय सहायता का मुख्य उद्देश्य यह था कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान उनके दैनिक रोजगार में हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई हो सके और वे बिना किसी वित्तीय बाधा के अपने काम को दोबारा शुरू कर सकें। इसके अतिरिक्त, सबसे महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रशासन द्वारा लाभार्थियों को उनके व्यवसाय के अनुसार आधुनिक और उच्च गुणवत्ता वाली टूलकिट पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध कराई गई, जो उनके पुराने और घिसे-पिटे औजारों की जगह नए युग के तकनीकी उपकरणों का समावेश सुनिश्चित करती है। दर्जी ट्रेड से जुड़े लाभार्थियों को जहां आधुनिक सिलाई मशीनों के साथ-साथ उत्तम श्रेणी की कैंची, सटीक माप फीता और अन्य आवश्यक सहायक उपकरण दिए गए, वहीं नाई, धोबी, हलवाई, राजमिस्त्री, लोहार और बढ़ई जैसे पारंपरिक व्यवसायों के शिल्पियों को भी अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किट प्रदान की गई।

## जरा हटके

## मार्च 2026 में ...

रामस्वरूप रावतसरे

# सड़क सुरक्षा अभियान बना जीवन रक्षा का मजबूत आधार



उत्तर प्रदेश में विकास की गति जितनी तेज हुई है, उतनी ही तेजी से सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था की आवश्यकता भी बढ़ी है। सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, उद्योग और सामाजिक जीवन को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी हैं। ऐसे में सड़क सुरक्षा केवल यातायात प्रबंधन का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन और परिवार की सुरक्षा से जुड़ा दायित्व है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कानून के प्रभावी प्रवर्तन, आधुनिक निगरानी व्यवस्था और जनजागरूकता के माध्यम से सुरक्षित यातायात संस्कृति विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आने लगे हैं। सड़क दुर्घटनाएं केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं होतीं, बल्कि वे अनेक परिवारों की खुशियां छीन लेती हैं। एक दुर्घटना किसी व्यक्ति का जीवन ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार के भविष्य को भी प्रभावित करती है। तेज रफ्तार, यातायात नियमों की अनदेखी और लापरवाही से वाहन चलाना लंबे समय से सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण रहे हैं। इसलिए दुर्घटनाओं को रोकने के लिए केवल नियम बनाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका प्रभावी पालन सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगीआदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में परिवहन विभाग द्वारा मार्च, अप्रैल एवं मई 2026 के दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रवर्तन अभियान संचालित किए गए। ओवर स्पीडिंग पर प्रभावी नियंत्रण, यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई तथा 'जीरो टॉलरेंस' नीति के अंतर्गत निरंतर निगरानी ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया। मोटर यान अधिनियम की धारा 19 के अंतर्गत दोषी चालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए कुल 1,246 मामलों में नोटिस जारी किए गए। इनमें मार्च में 434, अप्रैल में 380 तथा मई में 432 मामले शामिल रहे। इसी अवधि में 797 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए, जबकि गंभीर मामलों में 20 ड्राइविंग लाइसेंस पूर्णतः निरस्त किए गए। यह स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही के प्रति सख्त रुख अपना रही है। इन प्रवर्तन अभियानों का सकारात्मक प्रभाव सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मार्च 2026 में प्रदेश में 1,876 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई थीं, जिनमें 2,008 लोगों की मृत्यु हुई। अप्रैल माह में दुर्घटनाओं की संख्या घटकर 1,697 तथा मृतकों की संख्या 1,838 रह गई। वहीं मई 2026 में उल्लेखनीय सुधार दर्ज करते हुए सड़क दुर्घटनाओं की संख्या घटकर 1,004 और जनहानि घटकर 1,111 रह गई। यह लगातार दर्ज हो रही गिरावट इस बात का प्रमाण है कि प्रभावी प्रवर्तन, सतत निगरानी और जनसहभागिता के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। मई माह के दौरान विशेष रूप से चलाए गए सघन चेकिंग अभियान और नियमों के प्रभावी अनुपालन ने सड़क सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान की। इसी अवधि में सर्वाधिक 353 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध विभाग ने पूरी गंभीरता के साथ कार्रवाई की। कठोर प्रवर्तन व्यवस्था ने वाहन चालकों में नियमों के पालन के प्रति जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत किया है।

प्रदेश में हिट एंड रन जैसी गंभीर घटनाओं में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। मार्च में जहां ऐसे 529 मामले सामने आए थे, वहीं अप्रैल में यह संख्या घटकर 468 रह गई। मई माह में यह आंकड़ा और कम होकर 275 तक पहुंच गया। तीन माह की अवधि में कुल 1,272 हिट एंड रन मामलों का रिकॉर्ड यह दर्शाता है कि लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई के कारण ऐसे मामलों में भी कमी आने लगी है। यह सुधार केवल कानून के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम नहीं, बल्कि नागरिकों में बढ़ती सड़क सुरक्षा जागरूकता का भी संकेत है। प्रदेश सरकार का उद्देश्य केवल नियमों का पालन कराना नहीं, बल्कि ऐसी सड़क सुरक्षा संस्कृति विकसित करना है, जिसमें प्रत्येक नागरिक स्वयं भी यातायात नियमों के पालन को अपनी जिम्मेदारी समझे। इसी उद्देश्य से प्रवर्तन अभियानों के साथ-साथ जागरूकता कार्यक्रमों को भी निरंतर गति दी जा रही है, ताकि सड़क सुरक्षा एक जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर सके। परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सघन प्रवर्तन अभियान, नियमित निगरानी तथा आधुनिक तकनीक आधारित नियंत्रण प्रणाली को विस्तार दिया है। सरकार का लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं और जनहानि में निरंतर कमी लाते हुए प्रदेश की सड़कों को प्रत्येक नागरिक के लिए अधिक सुरक्षित बनाना है। उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में प्राप्त ये परिणाम इस बात का प्रमाण हैं कि प्रभावी कानून प्रवर्तन, जवाबदेह प्रशासन और जनसहभागिता के समन्वित प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

### विद्युत अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण से लो-वोल्टेज, ओवरलोडिंग और फॉल्ट की समस्याओं में आएगी कमी : ए. के. शर्मा

# ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने मऊ में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का किया शिलान्यास



**कार्यक्रम**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने बुधवार को मऊ जनपद के बंधा रोड स्थित प्रस्तावित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।इसके साथ ही बहुउद्देशीय भवन मंगलम में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और मा. मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विद्युत क्षेत्र को आधुनिक, सुदृढ़ और उपभोक्ता-केंद्रित बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण, निर्बाध एवं विश्वसनीय




कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भूमि पूजन से हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि लगभग 530 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले इस 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र की क्षमता 5+5 एमवीए होगी। इसके अंतर्गत चार नए 11 केवी फीडरों का निर्माण किया जाएगा, जिससे वर्तमान विद्युत उपकेंद्रों पर पड़ने वाला अतिरिक्त भार कम होगा तथा क्षेत्र की विद्युत वितरण व्यवस्था अधिक संतुलित और प्रभावी बनेगी। शर्मा ने बताया कि इस उपकेंद्र के स्थापित होने से पटन टोला, व्यारी टोला, संस्कृत पाठशाला, हरिकेशपुरा, सदर चौक, मलिक टोला, हट्टी मदारी, औरंगाबाद, हनुमान घाट, आफिसर्स कॉलोनी, रेलवे क्वार्टर, गायघाट, खालसा, ख्वाजाजहांपुर तथा कागजीवनचक सहित अनेक क्षेत्रों के लगभग 4,000 उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा उपभोक्ताओं को अधिक स्थिर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपकेंद्र का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

ऊर्जा मंत्री शर्मा ने कहा कि बिजली केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि प्रदेश के आर्थिक विकास, उद्योग, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आम जनजीवन की आधारशिला है। इसी उद्देश्य से पूरे प्रदेश में विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक उपभोक्ता तक बेहतर गुणवत्ता की बिजली समयबद्ध और निर्बाध रूप से पहुंच सके।

#### ओवरलोडिंग की समस्या कम होगी, लो-वोल्टेज से राहत मिलेगी

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि नए उपकेंद्र के संचालन से 11 केवी लाइनों की लंबाई कम होगी, जिससे तकनीकी हानियों और फॉल्ट की घटनाओं में कमी आएगी। साथ ही ओवरलोडिंग की समस्या कम होगी, लो-वोल्टेज से राहत मिलेगी तथा बार-बार विद्युत बाधित होने जैसी समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित होगा। इससे उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा मिलने के साथ-साथ विद्युत वितरण प्रणाली की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी।

## गलत इंजेक्शन लगाने से 9 माह की बच्ची की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ के एक प्राइवेट अस्पताल में 9 माह की बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने और फर्जी बिल बनाकर शव नहीं देने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें शांत कराया। इसके बाद बिना बिल का भुगतान कराए अस्पताल प्रबंधन ने बच्ची का शव परिजनों को सौंप दिया।

मामला गोमती नगर स्थित वात्सल्य अस्पताल का है। आज, 9 जुलाई की सुबह करीब 5 बजे बारांबकी के मसौली निवासी लाल बाबू की बच्ची अस्पताल में भर्ती हुई थी। सुबह करीब 11 बजे उसकी मौत हो गई।

बाराबंकी के मसौली थाना निवासी लाल बाबू की 9 महीने की बेटी आस्था की 8 जुलाई की रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजन बच्ची को

■ **परिजन बोले- स्टाफ इंजेक्शन का नाम तक नहीं पढ़ पा रहा था, बिल नहीं भरा तो शव नहीं दिया**

लेकर लखनऊ पहुंचे। 9 जुलाई की सुबह करीब 5 बजे गोमतीनगर के वात्सल्य अस्पताल में भर्ती कराया। बच्ची के चाचा प्रवीण गुप्ता ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब पांच बजे आस्था को तेज बुखार की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने उसे ICU में भर्ती कर इलाज शुरू किया। परिजनों का आरोप है कि आईसीयू में तैनात स्टाफ ने बच्ची की हालत पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया।

**फास्ट न्यूज**

### एलयू में निष्कासित छात्रों का आंदोलन 38वें दिन भी जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में निष्कासित छात्रों का आंदोलन लगातार 38वें दिन भी जारी रहा। गुरुवार को बारिश के बीच कैंपस में सरस्वती प्रतिमा के सामने छात्र धरने पर बैठे रहे। इस दौरान बीच-बीच में नारेबाजी भी होती रही।

धरना दे रहे छात्रों का आरोप हैं कि कुलपति समेत विश्वविद्यालय प्रशासन कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। और न ही वार्ता करने को तैयार है।

### उत्तर प्रदेश बना मंडियों में जियो टैगिंग लागू करने वाला देश का पहला राज्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश मंडी परिषद ने मंडियों में जियो टैगिंग आधारित गेट पास एवं प्री-अराइ-वल प्रणाली लागू कर देश में एक नई मिसाल कायम की है। इस अभिनव व्यवस्था को लागू करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। नई व्यवस्था के तहत अब वाहनों की मंडी में प्रवेश (आगमन) एवं मंडी से निकास (प्रस्थान) दोनों समय जियो टैगिंग की जा रही है। इससे मंडी व्यवस्था अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय एवं तकनीक-सक्षम बनेगी तथा अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा।

### दोस्त ने की थी ई-रिक्शा चालक की हत्या

दुबग्गा। काकोरी में ऑटो खरीदने निकले दिलीप रावत (30) की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने गुरुवार तड़के आरोपी मुजीब उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार किया। आरोपी ने मोबाइल और पैसों के लालच में शराब के नशे में दिलीप की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया कि काकोरी थाना क्षेत्र के दोनो गांव निवासी दिलीप मंगलवार को करीब 80 हजार रुपये लेकर मुजीब के साथ ऑटो खरीदने निकले थे।

## धर्मवीर प्रजापति ने होमगाड्र्स मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक



तमसा संकेत, संवाददाता

■ **12 जुलाई के बृहद वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों के दिए निर्देश**

■ **होमगार्ड परिवार के स्वास्थ्य-सुरक्षा के प्रति सरकार की संवेदनशील -धर्मवीर प्रजापति**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मवीर प्रजापति ने आज होमगाड्र्स मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने विभागीय कार्यों की प्रगति, सेवा की गुणवत्ता एवं जनोपयोगी कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही आगामी 12 जुलाई के बृहद वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रजापति ने माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा होमगार्ड कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत होमगार्ड स्वयंसेवकों, अवैतनिक अधिकारियों एवं उनके आश्रित परिवारों को योजना से जोड़ने के विषय में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह पहल हमारे कर्मनिष्ठ होमगार्ड परिवार के स्वास्थ्य-सुरक्षा के प्रति सरकार की संवेदनशील प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। इस जनकल्याणकारी योजना एवं सतत मार्गदर्शन के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रति विभाग की ओर से हृदयपूर्वक आभार एवं धन्यवाद दिया।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों से सम्मानित हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

# सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी बना कृषि का सिरमौर

■ **खाद्यान्न उत्पादन 543 लाख से बढ़कर 750 लाख मीट्रिक टन, दूध-सब्जी-फल में यूपी नंबर वन- कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही**

तमसा संकेत, संवाददाता

नई दिल्ली/लखनऊ। एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप द्वारा कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट नीतिगत नेतृत्व के लिए उत्तर प्रदेश को प्रतिष्ठित 17वें एग्रीकल्चर लीडरशिप अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों से प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को प्रदान किया गया। इस अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, गुजरात के कृषि मंत्री जीतुभाई वघानी, पूर्व मुख्य न्यायाधीश सदाशिवम, एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप के चेयरमैन डॉ. रमजान खान एवं सीईओ डॉ. हारिस खान भी उपस्थित रहे। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मेरे लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है। यह सम्मान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। उत्तर प्रदेश आज कृषि के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि 2017 में योगी सरकार बनने के बाद के ये नौ वर्ष कृषि क्षेत्र के भीतर ऐतिहासिक सफलताओं के वर्ष रहे हैं। मंत्री शाही ने कहा कि आज हम खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हैं। 2017 से पहले यूपी का किसान स्ट्रेस में था, बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी से किसान आत्महत्या की सूचनाएं आती थीं।

#### देशभर के किसानों को राहत मिली

मंत्री शाही ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कृषि क्षेत्र का मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि जब वे केंद्र में कृषि मंत्री थे, तब उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की व्यवस्था बनाकर किसानों को बड़ी राहत दी। "उत्तर प्रदेश में पहले कोऑपरेटिव सेक्टर से 18 प्रतिशत ब्याज पर कृषि निवेश के लिए ऋण मिलता था। राजनाथ सिंह जी ने अटल जी से बात कर केसीसी शुरू कराया और आज किसानों को 4 प्रतिशत पर कर्ज मिल रहा है। इससे देशभर के किसानों को राहत मिली और कृषि में निवेश व व्यापकता बढ़ी।

**कृषि क्षेत्र में नीतिगत नेतृत्व के लिए उत्तर प्रदेश को मिला 17वां एग्रीकल्चर लीडरशिप अवॉर्ड 2026**



"कृषि मंत्री ने बताया कि यूपी आज देश में सर्वाधिक दूध, सब्जी और फल उत्पादन करने वाला राज्य बन चुका है। शहद, अंडा और मछली उत्पादन में भी विशेष प्रगति हुई है। पहले कृषि और संबद्ध क्षेत्रों की ग्रोथ 7.5 प्रतिशत थी, आज यह बढ़कर 18 प्रतिशत हो गई है।

### बीजेपी के मंच पर दिखे थे, 4 जुलाई को मिला था कारण बताओ नोटिस

# झटका : एआईसीसी सदस्य अशोक सिंह ने दिया इस्तीफा

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस में एक बार फिर अंदरूनी कलह खुलकर सामने आ गई है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (AICC) के सदस्य अशोक सिंह ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा सीधे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा है। अशोक सिंह ने यह कदम पार्टी द्वारा हाल ही में उन पर लगाए गए 'पार्टी विरोधी गतिविधियों' के आरोपों से आहत होकर उठाया है।

इटावा से आने वाले अशोक सिंह पिछले दिनों बीजेपी के मंच पर नजर आए थे। इस पर 4 जुलाई 2026 को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति ने अशोक सिंह को एक कारण बताओ (शो-कॉज) नोटिस जारी किया था। इस नोटिस में उन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के गंभीर आरोप लगाए गए थे। इस नोटिस और आरोपों से अशोक सिंह बेहद आहत थे, जिसके बाद आज उन्होंने पार्टी को अलविदा कह दिया। अशोक सिंह ने मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे अपने पत्र में पार्टी के प्रति अपनी वफादारी का जिक्र करते हुए नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने लिखा कि वे पिछले 35 वर्षों से कांग्रेस के एक निष्ठावान सिपाही रहे हैं। उन्होंने एनएसयूआई (NSUI), युवा कांग्रेस और प्रदेश कांग्रेस में विभिन्न पदों पर रहकर सेवाएं दी हैं। वे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में लंबे समय तक प्रवक्ता के पद पर रहे और संगठन मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाली। वे पिछले लगभग 20 वर्षों से एआईसीसी (AICC) के सदस्य के रूप में काम कर रहे थे।



**अशोक सिंह ने पत्र में लिखा मेरे खिलाफ अनुशासन समिति द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं, उनसे मैं आहत हूं। इसलिए मैं कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं, कृपया इसे स्वीकार करें।**

#### 35 साल पुराने नेता के इस्तीफे से गुटबाजी सामने आई

अशोक सिंह के इस्तीफे की प्रतिलिपि यूपी कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष और अनुशासन समिति को भी भेजी गई है। 35 साल पुराने नेता के इस तरह अचानक इस्तीफा देने से यूपी कांग्रेस के भीतर गुटबाजी और अनुशासन के नाम पर अपनों को ही किनारे किए जाने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। फिलहाल इस इस्तीफे पर प्रदेश नेतृत्व की तरफ से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### बेटों की मौत के बाद बहुओं ने घर से निकाला

लखनऊ। लखनऊ में एक बुजुर्ग महिला ने अपनी दो बहुओं पर संपत्ति पर कब्जा करने, घर से निकालने और जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की, जिससे वह न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। पीड़िता गीता त्रिपाठी के मुताबिक, उनके पति और दोनों बेटों की बीमारी के कारण पहले ही मौत हो चुकी है। इसके बाद उन्होंने अपनी संपत्ति विधिवत गिफ्ट डीड के जरिए बेटी के नाम कर दी। आरोप है कि इसके बावजूद दोनों पुत्रवधुओं ने मकान पर अवैध कब्जा कर लिया और उन्हें घर से बाहर निकाल दिया। अब वह अपनी बेटी और दामाद के घर रहने को मजबूर हैं। महिला का कहना है कि उन्होंने पूरे मामले की शिकायत गोमतीनगर थाने में तहरीर देकर की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें, उनके ड्राइवर और करीबी लोगों को लगातार जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं।

## अलीगंज अग्निकांड मामले में कोर्ट ने सुरक्षित किया फैसला

तमसा संकते, एजेंसी



लखनऊ । अलीगंज अग्निकांड मामले की तीसरे दिन एलडीए की विहित प्राधिकारी कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान बिल्डिंग मलिक के वकील की ओर से यह पक्ष रखा गया कि बिल्डिंग में जो भी निर्माण अवैध है, उसको वह स्वयं अपने खर्चे पर गिरा लेंगे। नई भवन निर्माण नीति के तहत शमन मानचित्र पास कर दिया जाए।

वकीलों ने कोर्ट को यह भी बताया कि बिल्डिंग में किराएदार की ओर से संचालित की जा रही थी बिल्डिंग मालिक का इसमें कोई दोष नहीं है। वकीलों ने एलडीए की नोटिस पर भी यह सवाल उठाया की नोटिस में यह जानकारी नहीं दी गई की मौके पर कितना निर्माण अवैध है।

वकीलों की बात सुनने के बाद प्राधिकारी ने एलडीए के जेई से जानकारी ली। जेई ने कोर्ट को बताया कि बेसमेंट सहित दो फ्लोर का नक्शा पास था, लेकिन तीसरा तल पूरी तरह अवैध है। यह भी

■ **बिल्डिंग मालिक का पक्ष- कमर्शियल एक्टिविटी किराएदारों की, हमारा दोष नहीं**

बताया कि 20 मीटर बेसमेंट पास था और 134 मीटर बनाया गया है।

दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद विधित प्राधिकारी ने आदेश को रिजर्व पर लिया है। ऐसे में अब यह एक-दो दिन बाद साफ होगा की बिल्डिंग पर बुलडोजर चलेगा या या शमन मानचित्र पास करने की कार्यवाही की जाएगी।

यह मामला 22 जून को हुए उस भीषण अग्निकांड से जुड़ा है, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी।

### राहत : शहीद पथ पर वाहनों की लंबी लाइन, घंटाघर के सामने डेढ़ फीट जलभराव

# राजधानी में सीजन की सबसे अधिक 27.2 एमएम बारिश

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में लगातार दूसरे दिन गुरुवार को भी मानसून की बारिश हुई। शहर के सरोजनी नगर, पीजीआई और चारबाग इलाके में दोपहर 12:36 बजे बारिश शुरू हुई। पीजाआई इलाके में एक झोंके की बारिश के बाद से काले बादल छाए हुए हैं। गोमतीनगर में 1 बजे बारिश शुरू हुई। आज सीजन की सबसे अधिक 27.2 मिलीमीटर बारिश हुई है। आधे घंटे की बारिश के बाद चौक में घंटाघर के सामने डेढ़ फीट जलभराव हो गया। इससे वहां खड़ी बाइक के पहिये डूब गए। उधर, हजरतगंज स्थित उद्यान विभाग के कार्यालय में प्लास्टर टूटकर गिर गया। इसमें कोई कर्मचारी घायल नहीं हुआ, लेकिन एक कंप्यूटर मॉनिटर टूट गया। शहीद पथ पर शाम को वाहनों की लंबी कतार लग गई।



■ आधे घंटे की बारिश के बाद चौक इलाके में जलभराव हो गया। घंटाघर के सामने दुकानों पर खड़ी बाइक के पहिया डूब गए।

#### पेड़ की डाल गिरने से 33 केवी लाइन फाल्ट, घंटों गुल रही बिजली

बारिश के दौरान ग्राम भतोइया के पास सड़क किनारे स्थित विद्युत पोल पर एक पेड़ की डाल गिरने से 33 केवी लाइन में फाल्ट आ गया। इससे नगर पंचायत विद्युत उपकेंद्र से जुड़े मिर्जागंज, तहसील, मानखेड़ा, चांदपुर, गल्लामंडी समेत कई फीडरों की बिजली आपूर्ति अचानक ठप हो गई।

**आज अधिकतम तापमान 31 और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। पिछले 24 घंटे में रिकॉर्ड 18.4 मिमी बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया है कि 12 जुलाई तक लखनऊ में रोज बारिश होगी। 10 जुलाई को भारी बारिश की आशंका है।**




### केसरी खेड़ा में नाले में बह रहा सिल्ट

पार्षद दल के उपनेता देवेन्द्र सिंह यादव (जीतू) ने बताया कि केसरी खेड़ा वार्ड स्थित विक्रम नगर और सूर्य नगर में नाला सफाई के बाद सिल्ट नहीं उठाया गया था। बारिश में सिल्ट बहकर फिर से नाले में गिर गया। कई बार शिकायत और अनुरोध के बावजूद नाले से निकाली गई सिल्ट अब तक नहीं हटाई गई। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही बारिश के कारण वही सिल्ट दोबारा नाले में बहकर जा रही है, जिससे सफाई अभियान का उद्देश्य विफल हो रहा है। इससे जल निकासी की समस्या भी बढ़ सकती है और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से तत्काल सिल्ट उठवाने और प्रभावी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि बारिश के मौसम में जलभराव और गंदगी की समस्या से लोगों को राहत मिल सके।

# एक दर्जन से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे

### इन विभिन्न आयोजनों में देश-प्रदेश के ख्याति प्राप्त कलाकारों तथा स्थानीय कलाकारों को प्रदर्शन का अवसर प्रदान किया जायेगा-जयवीर सिंह

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। वित्तीय वर्ष 2026-27 में महापुरूषों की वर्षगांठ, राष्ट्रीय पर्वों, आस्था स्थलों पर आयोजित समारोहों ऐतिहासिक घटनाओं के आयोजन के अवसर पर संस्कृति विभाग, उ0प्र0 द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमो आयोजन की कार्ययोजना तैयार की गयी है। इसका मुख्य उद्देश्य जनमानस में आस्था स्थलों, राष्ट्रीय पर्वों तथा ऐतिहासिक घटनाओं के बारे में जानकारी देना है। साथ ही स्थानीय कलाकारों को समारोहों से जोड़कर उन्हें मानदेय के माध्यम से आर्थिक लाभ भी पहुंचाना है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा तैयार की गयी



कार्ययोजना के तहत राजधानी लखनऊ में एक दर्जन सांस्कृतिक कार्यक्रम विभिन्न अवसरों पर कराये जायेगे। कार्य योजना के तहत बाजनगर शहीद स्मारक स्थल पर काकोरी टे$^{a}$न एक्शन की वर्षगांठ पर 09 अगस्त, 2026 को आयोजित समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जायेगे। इसी प्रकार काकोरी में 19 दिसम्बर, 2026 को काकोरी बलिदान दिवस के अवसर पर तथा अक्टूबर में गिरजा देवी समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि दिसम्बर, 2026 में अटल जयंती के अवसर पर उनकी स्मृति में सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा 24-25 जुलाई, 2026 को राष्ट्रीय सेमिनार संगोष्ठी, रिवरवैली सिविलाइजेशन ऑफ उ0प्र0 एवं आर्कियोलॉजिकल कल्चरल हेरिटेज टूरिज्म प्रोजेक्ट के तहत पुरातत्व निदेशालय के सौजन्य से कार्यक्रम होंगे। इसी प्रकार 11 नवम्बर, 2026 को जनजातीय उत्सव बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर उ0प्र0 लोक एवं जनजाति संस्थान की ओर से कार्यक्रम आयोजित कराये जायेगे।

C M Y K

## गोरखपुर में ट्रैक्टर खड़ा करने के विवाद में सीने में 10 बार चाकू घोंपा

# मां-पत्नी के सामने दुकानदार की हत्या

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर में बुधवार शाम 6 बजे मां और पत्नी के सामने ही किराना दुकानदार की चाकू से ताबड़तोड़ वार करके हत्या कर दी। मां हमलावरों से मिन्नत करती रहीं। बेटे को छोड़ दो। हाथ जोड़ती रहीं। लेकिन, हमलावरों ने उन्हें धक्का देकर किनारे कर दिया।

पत्नी भी हमलावरों से पति को बचाने पहुंची। हमलावरों को पकड़ा, लेकिन तब तक ताबड़तोड़ 10 चाकू दुकानदार के सीने में मार दिए। वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। हमलावर मौके से भाग गए। परिवार घायल दुकानदार को बीआरडी




मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

एसपी सिटी निमिष पाटिल मौके पर पहुंचे। दुकानदार के बेटे से वारदात की जानकारी ली। कुछ ही देर में पुलिस ने चाकू मारने के आरोपी गब्बर चौहान को गिरफ्तार कर लिया। मामला जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर गुलरिहा के टिकरिया गांव का है।

गिरमिट चौराहा निवासी अमरनाथ गुप्ता (56) किराना दुकानदार थे। परिवार में मां जानकी देवी, पत्नी गुजराती देवी, दो बेटे ऋषिकेश गुप्ता ,शिवम गुप्ता और बेटी प्रिया गुप्ता हैं।

### बेटे ने बताया-पापा घर के बाहर बैठे थे, इसी बीच हमला हुआ

अमरनाथ गुप्ता के बड़े बेटे ऋषिकेश गुप्ता ने बताया कि, अवधेश ने जमीन के विवाद में हमारे पिता पर धारदार हथियार से कई बार वार किया। जानलेवा हमला किया और हत्या कर दिया। उन्होंने बताया कि इसमें मुकुंद चौहान, अनिकेत सूरत, भाने, शैलेश जायसवाल और अन्य लोग शामिल थे।

शाम 6 बजे पिता घर के बाहर बैठे थे। तभी अचानक ये लोग आकर हमला कर दिए। बचाव करने आई 85 साल की दादी पर भी हमला किया गया। जिससे उन्हें कई जगह गंभीर चोटें लगी हैं।

अमरनाथ के वकील ने बताया कि आरोपी जबरजस्ती पीड़ितों की जमीन में निर्माण करवा रहा था। जिस पर कोर्ट का स्टे भी था। इसी बात को लेकर पिछले 3-4 महीने से विवाद चल रहा था।



हत्या की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

> एसपी सिटी निमिष पाटिल ने बताया दोनों पक्षों में जमीन को लेकर पहले से विवाद था। आरोपी से पूछताछ की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उनके घर से सटे ही आरोपी अवधेश चौहान उर्फ गब्बर की जमीन थी। इस जमीन पर दोनों पक्ष दावा कर रहा था। इस जमीन को लेकर पिछले 5 साल से विवाद कोर्ट में चल रहा है।

## मेरठ एसएसपी ने प्रदर्शनकारियों को थप्पड़ मारे, वैन में घुसकर पीटा

तमसा संकेत, एजेंसी



मेरठ। मेरठ में 16 मई को हुई छात्रा की हत्या को लेकर बुधवार को बड़ी संख्या में लोग कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करने पहुंचे। प्रदर्शनकारी डीएम को ज्ञापन सौंपना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने कलेक्ट्रेट का मेन गेट बंद कर दिया।

करीब 3 घंटे तक लोग कलेक्ट्रेट के बाहर बैठकर प्रदर्शन करते रहे। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वो लोग नहीं हटे। सूचना पर एसएसपी अविनाश पांडेय भी पहुंचे। पहले उन्होंने प्रदर्शन कर रहे लोगों को थप्पड़ मारे। फिर पुलिस वैन में घुसकर लोगों को पीटा।

इसके बाद शाम करीब 4::30 बजे पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। 50-60 लोगों को हिरासत में ले लिया। इस बीच, एक वकील ने पुलिस वैन में गमछे का फंदा बनाकर उससे लटकने की कोशिश की। पुलिस का कहना है प्रदर्शन के चलते जाम लग गया था। इससे लोगों को परेशानी हो रही थी। इसीलिए धरना समाप्त कराया गया।

बीए में पढ़ने वाली ललिता गौतम की 16 मई को हत्या कर दी गई थी। छात्रा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर बुधवार को दलित महापंचायत थी। कांग्रेस नेता हेमंत प्रधान, दलित समाज और कई सामाजिक संगठनों के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शनकारियों को पहले से ज्ञापन देने की इजाजत थी। लेकिन, इसी बीच मेरठ के अलावा नोएडा, गाजियाबाद और आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। भीड़ बढ़ने पर पुलिस ने कलेक्ट्रेट का मुख्य गेट बंद कर दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी गेट के बाहर सड़क पर बैठ गए और धरना शुरू कर दिया।

## 10% विकसित भूमि की मांग पर अड़े किसान, प्रशासन से वार्ता रही बेनतीजा

### भारतीय किसान यूनियन की मनोहरपुर में पंचायत

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा/आगरा। भारतीय किसान यूनियन की पंचायत गुरुवार को गांव मनोहरपुर (मौजा रहन कला, रायपुर) में आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता अमर सिंह ने की, जबकि संचालन आगरा जिलाध्यक्ष राजवीर लवानिया ने किया। पंचायत में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर भूमि अधिग्रहण से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद की।

पंचायत के मुख्य अतिथि भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजपाल शर्मा रहे। पंचायत के बाद एडीएम, एसडीएम एत्मादपुर, डीसीपी एत्मादपुर, थाना प्रभारी एत्मादपुर एवं खंदौली सहित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ किसानों की वार्ता हुई, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका।

किसानों ने अधिग्रहित भूमि के बदले 10 प्रतिशत विकसित भूमि, ट्यूबवेल, पेड़ों एवं अन्य संपत्तियों



का शीघ्र मुआवजा तथा भूमि का उचित मूल्यांकन किए जाने की मांग रखी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सोमवार को आगरा में सक्षम अधिकारियों के साथ बैठक कर इस संबंध में निर्णय लेने का प्रयास किया जाएगा। तब तक किसानों का धरना जारी रहेगा।

प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजपाल शर्मा और प्रदेश प्रवक्ता गजेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि यदि किसानों की मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को पूरे उत्तर प्रदेश में तेज किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि आवश्यकता पड़ने पर आगरा को चारों ओर से घेरकर प्रमुख मार्गों को बंद किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## बवाल के बाद गांव में बाहरी लोगों की एंट्री बैन

मेरठ। मेरठ के सिविल लाइन थानाक्षेत्र में बुधवार को जिस तरह दलित छात्रा ललिता गौतम की हत्याकांड मामले में प्रदर्शन करने वालों पर पुलिस ने लाठी चलाई। उनको अरेस्ट कर जेल भेजा, मुकदमे लिखे इस पूरे मामले की जांच के लिए यूपी कांग्रेस ने गुरुवार को एक 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का गठन किया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी अपने स्तर पर पूरे मामले की जांच करा रही है। इसके लिए पार्टी ने यूपी के 30 नेताओं की का एक दल बनाया है। ये टीम मेरठ जाकर मृतका ललिता गौतम के परिवार से मुलाकात करेगी।

पीड़ित परिवार से मिलकर पूरे मामले की जानकारी करेगा। इस टीम में मेरठ के जिलाध्यक्ष गौरव भार्टी, महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला सहित यूपी के अन्य जिलों के 30 कांग्रेस नेता शामिल हैं। जो पीड़िता के परिवार से मिलेंगे। इसमें महिलाएं और दलित नेता भी हैं। बता दें कि इस मामले में कांग्रेस नेता हेमंत पर भी नामजद मुकदमा लिखा गया है।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

संख्याः-1702/न०पा०प०अ०/2026-27 (निर्माण) दिनांकः- 09.07.2026

### ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद अकबरपुर जनपद-अम्बेडकरनगर के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार / केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में A/B/C/D/E श्रेणी (जैसा लागू हो) में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर "मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना CM-VNY" के अन्तर्गत 01 निर्माण कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य का विवरण वेबसाइटः-https://www.etender.up.nic.in पर लॉगइन कर देखा जा सकता हैं।
2. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 13.07.2026 से 01.08.2026 तक
3. प्री-बिड मीटिंग की तिथि व समय दिनांक-21.07.2026 समय 12:00 बजे।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय दिनांक-01.08.2026 को समय 12:00 बजे तक।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि / समय दिनांक 01.08.2026 समय अपरान्ह 02:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल की निगरानी रखें।
7. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट-https://www.etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा विड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**अकबरपुर-अम्बेडकरनगर**

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**अकबरपुर-अम्बेडकरनगर**


## बरारी में स्थापित हुआ जनपद का पहला 'लाडली वन'

### 101 ग्राम पंचायतों में बनेंगे हरित वन 1000 वर्गमीटर में 3000 पौधों का रोपण

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। प्रधानमंत्री के एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान और मुख्यमंत्री के ₹वृक्षारोपण महाभियान-2026 के तहत जनपद मथुरा में गुरुवार को एक नई पहल की शुरुआत हुई। विकास खंड फरह की ग्राम पंचायत बरारी में जिले का पहला 'लाडली वन' स्थापित किया गया। इस अवसर पर 1000 वर्गमीटर क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से 3000 पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता तथा प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) वेंकट श्रीकर पटेल की उपस्थिति में हुआ। इस अभियान के तहत जनपद की 101 ग्राम पंचायतों में 'लाडली वन- आओ लौटाएं ब्रज की



हरियाली' थीम पर घने वन विकसित किए जाएंगे। कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय की 101 छात्राओं ने तीन-तीन पौधे गोद लेकर उनकी देखभाल और उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प लिया। विधायक और जिलाधिकारी ने स्वयं पौधारोपण किया तथा छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही अधिकारियों को 12 जुलाई तक शेष 100 लाडली वन स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता ने सभी खंड विकास अधिकारियों, सचिवों एवं कंसल्टिंग इंजीनियरों को बरारी मॉडल का अध्ययन कर अन्य चयनित ग्राम पंचायतों में भी इसी तकनीक से लाडली वन विकसित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने ₹बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, वृक्ष लगाओ₹ का संदेश देते हुए कहा कि मियावाकी पद्धति जापान की एक आधुनिक तकनीक है, जिसके माध्यम से कम स्थान में देशी प्रजातियों के पौधों का सघन रोपण कर कम समय में घना वन तैयार किया जा सकता है। इससे जैव विविधता का संरक्षण, वायु गुणवत्ता में सुधार, भूजल संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलती है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 2027 के रण की ...

दरअसल, शंकराचार्य 81 दिन की 'गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने' के लिए यात्रा निकाल रहे हैं। इसके तहत वह बुधवार को लखनऊ पहुंचे। बुधवार रात फैजुल्लागंज इलाके के जगन लाल यादव गेस्ट हाउस में रुके थे। यहीं अखिलेश ने उनसे मुलाकात की।

अखिलेश की शंकराचार्य से 4 महीने में यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले 12 मार्च को लखनऊ में ही मुलाकात की थी। राम मंदिर चढ़ावा चोरी की जांच कर रही SIT के अध्यक्ष विजय विश्वास पंत हैं। वह लखनऊ के मंडलायुक्त भी हैं। उनके खिलाफ मेरठ में धोखाधड़ी करने की के FIR दर्ज है। इसकी मेरठ पुलिस जांच कर रही है। इसी को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने निशाना साधा है। विजय पंत के खिलाफ धारा-465 और 420 में केस दर्ज है। 465 जालसाजी की धारा हो, जिसमें अधिकतम 2 साल की सजा है। 420 चीटिंग करने की धारा है। इसमें अधिकतम 7 साल की सजा हो सकती है।

महाकुंभ- 2025 में विजय विश्वास पंत प्रयागराज के मंडलायुक्त थे। तब हुई भगदड़ के समय पंत ने कहा था कि जो सोवत है, वो खोवत है। जल्दी-जल्दी चलिए। सभी श्रद्धालु सुन लें, यहां लेटे रहने से कोई फायदा नहीं है। उठिए-उठिए स्नान करिए, आपके सुरक्षित रहने के लिए यह जरूरी है। भगदड़ मचने की संभावना है।

### 7 साल पहले दर्ज हुआ...

उन्होंने जांच कराई। इसमें इंजीनियर-कर्मचारी दोषी मिले। लेकिन, विजय विश्वास पंत ने उन पर कार्रवाई करने की जगह मामले को दबा दिया और भुगतान नहीं कराया। इसके बाद शिव कुमार ने विजय विश्वास पंत समेत 14 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया था।

### कॉकरोच पार्टी फाउंडर...

इस प्रदर्शन में सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी शामिल हैं।

वांगचुक 28 जून से भूख हड़ताल कर रहे हैं। बुधवार को सोनम वांगचुक की तबीयत खराब हो गई थी। डॉक्टरों के मुताबिक 11 दिनों में उनका वजन 7 किलो से ज्यादा घटकर 59.4 किलो रह गया है।

AISA के सदस्य और पूर्व JNU छात्र नेता ऋषिकेश की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सीने में दर्द और हाथ-पैर सुन्न होने की शिकायत के बाद RML अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के साथ उनकी 11 दिन की भूख हड़ताल खत्म हुई, जबकि संगठन के चार अन्य छात्र अब भी अनशन पर हैं।

### टीएमसी के 3 पूर्व ...

सुखेंदु ने 8 जून, सुष्मिता ने 10 जून और प्रकाश ने 11 जून को रिजाइन दिया था। सुखेंदु रॉय- आरजी कर रेप-मर्डर केस में सबूतों से छेड़छाड़ का मुद्दा उठाने के बाद मुझे जान से मारने और परिवार के अपहरण की धमकियां मिलने लगीं। पुलिस आयुक्त और अस्पताल के प्रिंसिपल से पूछताछ की मांग करने के बाद उन्हें लालबाजार पुलिस मुख्यालय भी बुलाया गया। खराब तबीयत के बावजूद उनकी बात नहीं सुनी गई, जिसके बाद उन्हें हाईकोर्ट जाना पड़ा।

सुष्मिता देव- पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा और त्रिपुरा में बीजेपी की जीत से पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर लोगों का भरोसा दिखता है। असम में लगातार तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनना इसकी बड़ी मिसाल है। महुआ मोइत्रा को कोई दूसरी पार्टी अपने साथ नहीं लेना चाहती, इसलिए वह TMC में हैं।

TMC सांसद सौगत रॉय- तीनों नेता पहले से ही बीजेपी के साथ थे। अब अपनी सीट बचाने के लिए बीजेपी ने उन्हें मौका दिया है। इससे टीएमसी को कोई नुकसान नहीं होगा। बीजेपी को भी इससे कोई खास फायदा नहीं मिलेगा, क्योंकि दल बदलने वाले नेताओं की ज्यादा अहमियत नहीं होती।

### आंध्रप्रदेश में कोरोना...

भारत में कोविड से आधिकारिक तौर पर 2022 के अंत तक करीब 5.3 लाख मौतें दर्ज की गईं थीं। हालांकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अनुमान लगाया कि महामारी से भारत में लगभग 47 लाख मौतें हुईं।

वहीं दुनियाभर में 2022 के अंत तक करीब 66–67 लाख आधिकारिक मौतें दर्ज की गई थीं।

### 'भारत को यूरेनियम ...

आपने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान डेमो तो देख ही लिया होगा। धमाके आतंकियों के अड्डों पर हो रहे थे और गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही थी। टेरर कैंप पर इस करारे प्रहार से आपको गर्व हुआ कि नहीं। भारत इतने पर ही रुकना नहीं चाहता, भारत कह रहा है ग्रो मोर, ग्रो मोर।

कुछ सालों पहले 5जी टेक्नोलॉजी को लेकर देश में कई सवाल था। कैसे होगा, कितना समय लग जाएगा। हमने 2020 में इसकी शुरुआत की और आज 99 प्रतिशत कवर कर चुके हैं।

आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ी 5जी मार्केट बन चुका है। इतना ही नहीं, भारत आज मेड इन इंडिया 6जी टेक्नोलॉजी पर काम कर रहा है। वह इसलिए क्योंकि, भारतीय कहते हैं ग्रो मोर, ग्रो मोर।

### मोदी बोले- दोनों देशों ...

पीएम अल्बनीज ने कहा- आज हमने 2015 के भारत-ऑस्ट्रेलिया परमाणु सहयोग समझौते के तहत भारत को यूरेनियम निर्यात की व्यवस्था पर साइन किए हैं। हम दोनों देशों के रिश्तों को और गहरा बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। दोनों देशों ने ऑस्ट्रेलिया-भारत साइबर, क्रिटिकल टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन (PACTS) पार्टनरशिप शुरू करने पर सहमति जताई है। इसके तहत दोनों देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल रेजिलिएंस जैसे क्षेत्रों में एकसाथ रिसर्च करेंगे।

### राममंदिर चढ़ावा चोरी ...

इनके भी घरों की तलाशी ली थी। पुलिस ने आरोपियों के रिश्तेदारों के 30 बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं। इन खातों में आय की तुलना में अधिक लेनदेन मिलने की बात सामने आई है।

इधर, सपा प्रमुख अखिलेश ने लखनऊ में कहा- हमारे धर्म में चढ़ावे की चोरी महापाप है। इन्होंने महापाप किया है। भाजपा में भगदड़ शुरू भी हो गई है। बहुत सारे लोग मुझसे अभी से संपर्क करने लगे हैं।

SIT सिर्फ लीपापोती कर रही है। सुनने में तो आया है कि SIT पर भी सवाल खड़े हो गए हैं, एक सदस्य पर 420 का मुकदमा है।

बुधवार सुबह 7 बजे पुलिस ने तीनों को 40 घंटे की रिमांड पर लिया था। इनके पास से फर्जी चंदा रसीदें मिली हैं।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर सहारनपुर के कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- ट्रस्ट मुट्ठी भर लोगों का है। हमारा मकसद किसी की छवि खराब करना नहीं है, लेकिन आपने आस्था के नाम पर लूट मचा रखी है। इसमें कांग्रेस का कोई लेना-देना नहीं है।

### भाजपा सांसद मनन ...

FIR दर्ज की गई है।

8 लोग जेल में हैं। चंपत राय और अनिल मिश्रा से इस्तीफा लिया गया। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

अखिलेश यादव के पास उत्तर प्रदेश चुनाव के लिए कोई मुद्दा नहीं है, लेकिन जनता जागरूक है। वह जानती है कि सरकार, पुलिस और SIT ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। इसलिए अखिलेश को इससे कुछ नहीं मिलेगा।

### महाराष्ट्र में डॉक्टर को ...

इसलिए मैंने इस्तीफा दे दिया है और ठाणे छोड़ दिया है।' डॉक्टर ने कहा, 'यहां बहुत डर का माहौल है। गुंडे नजर रख रहे हैं। दूसरे डॉक्टर काम करना चाहें तो करें, लेकिन मैं अब कभी ठाणे वापस नहीं लौटूंगा।' राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने गुरुवार को कहा कि डिप्टी CM एकनाथ शिंदे ने आरोपी पार्षद को फटकार लगाई है।

## इंटरव्यू में 'सन ऑफ बिच' कहा, फुटबॉल वर्ल्डकप की 3 कंट्रोवर्सी, बयानों पर माफी मांगने से किया इनकार

# पैराग्वे की मंत्री ने फ्रांसीसी फुटबॉल कप्तान को गाली दी

**विवाद**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फ्रांस के कप्तान किलियन एम्बाप्पे और पैराग्वे की सीनेटर सेलेस्टे अमारिला के बीच विवाद और गहरा गया है। अमारिला ने अब एम्बाप्पे को पिल्ला (सन ऑफ बिच) कहा है। उन्होंने अपने पहले दिए गए बयानों पर माफी मांगने से इनकार किया है।

अमारिला ने बुधवार को स्पेन के अखबार 'Marca' से कहा- 'जब ऑरलैंडो गिल, जो शायद पहली बार



वर्ल्ड कप खेल रहा था और पहली बार यूरोप आया था। दुनिया के सामने पूरी विनम्रता के साथ एक पैराग्वेयन की तरह अपना हाथ बढ़ाता है, तब वह सन ऑफ बिच उससे हाथ मिलाने से इनकार कर देता है। यह फ्रांसीसी संस्कृति नहीं है। कोई भी असली फ्रांसीसी ऐसा कभी नहीं करता।'

अमारिला पहले से एम्बाप्पे पर नस्लीय टिप्पणी को लेकर विश्व स्तर पर आलोचना झेल रही हैं। यह विवाद 5 जुलाई को राउंड ऑफ-16 में फ्रांस की पैराग्वे पर 1-0 की जीत के बाद शुरू हुआ था। मैच के बाद एम्बाप्पे ने पैराग्वे के गोलकीपर ऑरलैंडो गिल से हाथ नहीं मिलाया था। इसके बाद सीनेटर ने उन्हें घमंडी बताते हुए नस्लीय टिप्पणी की थी।

मैच के बाद गिल एम्बाप्पे से हाथ मिलाने के लिए आगे बढ़, लेकिन एम्बाप्पे उन्हें नजर अंदाज कर गए। इस पर गिल ने एम्बाप्पे की ओर फुटबॉल उछाल दी थी। मैच के बाद गिल एम्बाप्पे से हाथ मिलाने के लिए आगे बढ़, लेकिन एम्बाप्पे उन्हें नजर अंदाज कर गए। इस पर गिल ने एम्बाप्पे की ओर फुटबॉल उछाल दी थी।

### ट्रम्प के फोन पर बालोगुन का बैन हटाने पर फीफा प्रेसिडेंट घिरे

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हस्तक्षेप के बाद अमेरिकी फुटबॉलर फोलारिन बालोगुन का वर्ल्ड कप बैन हटाने के फैसले पर फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लंदन के मानवाधिकार संगठन फेयर-स्क्वेयर ने उनके खिलाफ इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के एथिक्स कमीशन में शिकायत दर्ज कराई है। संगठन का आरोप है कि इन्फैन्टिनो ने ओलिंपिक चार्टर के राजनीतिक निष्पक्षता नियम का उल्लंघन किया है। IOC मेंबर होने के नाते उन पर राजनीतिक तटस्थता संबंधी नियम लागू होते हैं।

### पहले एमबाप्पे को घमंडी कहा था

अमरिला ने सोशल मीडिया पर एमबाप्पे को लेकर आपत्तिजनक और व्यक्तिगत टिप्पणियां की थीं। जवाब एमबाप्पे ने उन्हें 'घृणित महिला' और 'अपने पद के अयोग्य' बताया था। इसके बाद अमारिला ने X पर एक लेटर पोस्ट किया था। इसमें लिखा था कि उनका विरोध सिर्फ एमबाप्पे के व्यवहार से है, फ्रांस से नहीं।

अमरिला ने लेटर में लिखा, 'मैंने बचपन से बड़े होने तक तक फ्रेंच स्कूल में पढ़ाई की है। फ्रेंच बोलती हूं और फ्रांस से मेरा गहरा लगाव है। पिछले साल फ्रांस में ही परिवार के साथ क्रिसमस मनाया था। इसलिए मेरा विवाद फ्रांस से नहीं, बल्कि तुम्हारे घमंडी रवैये से है।'





**पैराग्वे सरकार ने 7 जुलाई को फ्रांस के कप्तान किलियन एमबाप्पे के खिलाफ सीनेटर अमारिला की टिप्पणी की कड़ी निंदा की। कहा कि यह बयान उन मूल्यों और सिद्धांतों के विपरीत हैं, जिनका पालन हमारा देश करता है।**

# ईशान किशन के निशाने पर होगा युवराज सिंह का धांसू रिकॉर्ड

## ब्रिस्टल में इतिहास रचने का गोल्डन चांस

नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले चौथे टी20 मैच में विकेट-कीपर बल्लेबाज ईशान किशन अपने नाम बड़ा रिकॉर्ड दर्ज कर सकते हैं। किशन के पास भारत के पूर्व दिग्गज हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह का रिकॉर्ड ध्वस्त करने का मौका है। किशन इस सीरीज में अब तक अपना प्रभाव नहीं छोड़ सके हैं और वे चौथे मुकाबले में बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे।

भारत सीरीज में 0-2 से पीछे है और अगर टीम इंडिया को वापसी करनी है, तो किशन का बल्ला चला जरूरी है। अगर ईशान अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो वे युवराज के एक बड़े रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ने भारत के लिए पिछले कुछ समय से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि, आयरलैंड के बाद इंग्लैंड में भी उनका बल्ला नहीं चला है। अगर बाएं हाथ के बल्लेबाज का बल्ला



हल्ला बोलता है, तो उनके नाम टी20 में बड़ा रिकॉर्ड दर्ज होने वाला है। भारत के लिए टी20 में युवराज सिंह ने 58 मैचों में खेलते हुए 74 छक्के लगाए हैं। दूसरी तरफ किशन ने 50 मैच खेले हैं और 71 सिक्स जड़े हैं। ऐसे में अगर वे तीन छक्के लगाएंगे, तो युवराज की बराबरी कर लेंगे। अगर इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 मैच में किशन चार छक्के लगाते हैं, तो वे भारत के लिए सबसे अधिक छक्के लगाने के मामले में युवराज सिंह को पीछे छोड़ देंगे। टी20 इंटरनेशनल में सबसे अधिक छक्के लगाने के मामले में किशन 10वें स्थान पर हैं और उनके पास एक पायदान ऊपर आने का मौका है।

### रोहित शर्मा ने इंग्लैंड दौरे के लिए बनाया खास प्लान

नई दिल्ली। भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा इंग्लैंड पहुंच चुके हैं। वे वनडे सीरीज की तैयारियों में जुट गए हैं। रोहित अब टीम इंडिया के लिए सिर्फ वनडे फॉर्मेट खेलते हैं। उनका लक्ष्य भारत के लिए विश्व कप 2027 में खेलना है, जो साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में खेला जाना है। वर्ल्ड कप से पहले हिटमैन के लिए हर सीरीज एक अग्नि परीक्षा की तरह है।

रोहित के लिए पिछले कुछ समय से उनकी फिटनेस भी बड़ी समस्या बनी हुई है। आईपीएल 2026 में वे हैमिस्ट्रिंग इंजरी की वजह से 5 मुकाबला नहीं खेल सके थे। इसके बाद उनकी फिटनेस पर सवाल खड़े होने लगे थे। टीम मैनेजमेंट की तरफ से ये आश्वसन नहीं दिया जा रहा है कि रोहित की वर्ल्ड कप में जगह पक्की है। ऐसे में अब वे इंग्लैंड की परीक्षा पास करने के लिए पहले ही लंदन पहुंच चुके हैं।

## भारत के 12वें क्रिकेटर बनेंगे, 11 जुलाई को होगा ऐलान

# सौरव गांगुली आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होंगे

**घोषणा**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को ICC हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसकी घोषणा 11 जुलाई को स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग में ICC की सालाना कॉन्फ्रेंस में होगी। गांगुली हॉल ऑफ फेम में जगह बनाने वाले भारत के 12वें क्रिकेटर होंगे।

54वें जन्मदिन पर गांगुली को यह बड़ी उपलब्धि मिलने जा रही है। इसी दिन उनकी बायोपिक 'दादा- द सौरव



गांगुली स्टोरी' का फर्स्ट लुक भी जारी किया गया, जिसमें एक्टर राजकुमार राव 2002 नेटवेस्ट ट्रॉफी जीत के बाद लॉर्ड्स की बालकनी में जर्सी लहराते नजर आए। पोस्टर शेयर करते हुए गांगुली ने इसे अपने लिए सबसे बेहतरीन गिफ्ट बताया।

**गांगुली ने भारत के लिए 113 टेस्ट में 7212 रन बनाए, जिसमें 16 शतक शामिल हैं। 311 वनडे में उनके नाम 11363 रन और 22 शतक दर्ज हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 132 विकेट भी लिए। बल्लेबाजी के बाद वे बीसीसीआई अध्यक्ष और वर्तमान में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के अध्यक्ष भी रहे हैं।**

### 2000 में संभाली थी टीम इंडिया की कमान

मैच फिक्सिंग विवाद के बाद 2000 में गांगुली ने भारतीय टीम की कप्तानी संभाली। उन्होंने वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह, युवराज सिंह, जहीर खान, मोहम्मद कैफ और बाद में महेंद्र सिंह धोनी जैसे खिलाड़ियों पर भरोसा जताया। उनकी कप्तानी में भारत ने 2002 चैंपियंस ट्रॉफी जीती, 2003 वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल खेला, इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज ड्रॉ की, 2004 में पाकिस्तान में ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीती और ऑस्ट्रेलिया की 16 मैचों की टेस्ट जीत की लय भी तोड़ी। गांगुली के शामिल होने के बाद ICC हॉल ऑफ फेम में भारत के खिलाड़ियों की संख्या 12 हो जाएगी। उनसे पहले बिशन सिंह बेदी, कपिल देव, सुनील गावस्कर, अनिल कुंबले, राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर, वीनू मांकड़, वीरेंद्र सहवाग, डायना एडुल्जी, नीतू डेविड और महेंद्र सिंह धोनी यह सम्मान हासिल कर चुके हैं।

**मनोरंजन**

# रणवीर सिंह और अर्जुन कपूर का रीयूनियन

## अंशुला के रिसेप्शन में 'तूने मारी एंट्रियां' पर साथ में किया डांस, 'धुरंधर' के गाने पर भी झूमे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर ने 6 जुलाई को स्क्रीनराइटर रोहन ठक्कर से शादी की। इसके बाद मंगलवार शाम मुंबई में उनका ग्रैंड वेडिंग रिसेप्शन आयोजित किया गया। इस मौके पर बॉलीवुड के कई सितारे शामिल हुए।

रिसेप्शन में सबसे ज्यादा चर्चा रणवीर सिंह और अर्जुन कपूर की डांस परफॉर्मेंस की हुई। दोनों ने अपनी फिल्म गुंडे (2014) के फेमस गाने 'तूने मारी एंट्रियां' पर डांस किया। इस दौरान दोनों की ऑन-स्क्रीन जोड़ी बिक्रम और बाला की यादें भी ताजा हो गईं। वहीं दोनों 'धुरंधर' के गाने पर भी झूमते दिखे।

शादी की तस्वीरों के साथ अंशुला ने ऑफिशियल सोशल मीडिया



अकाउंट से लिखा था, '06.07.2026। इतने सारे लोगों में, इतनी सारी जगहों में और इतने सही-गलत वक्तों के बीच, वो तुम थे। और जिंदगी के हर मोड़, हर उतार-चढ़ाव और हर अनपेक्षित सफर के बाद भी। आज भी तुम ही हो। मेरी सबसे पसंदीदा बातचीत। मेरी सबसे सुकूनभरी जगह। मेरी सबसे आसान और सबसे खूबसूरत पसंद। हमेशा तुम ही रोहन ठक्कर।'

अर्जुन कपूर ने भी शादी के बाद सोशल मीडिया से अंशुला के लिए भावुक पोस्ट शेयर की। उन्होंने लिखा, 'मेरी अंश के नाम, तुम हमेशा मेरी रहोगी, लेकिन अब वक्त आ गया है कि मैं तुम्हें नई राह पर जाने दूं। आज तुम रोहन के साथ अपनी नई जिंदगी की शुरुआत कर रही हो। तुम्हें मुस्कुराते हुए देखकर मेरा दिल, मेरा मन और मेरी आत्मा बेहद खुश हैं। मैंने तुम्हें बचपन से बड़ा होते देखा है और आज तुम एक ऐसी शानदार महिला बन गई हो, जो हर कदम पर हमारी मां की छवि को अपने भीतर समेटे हुए है।'

**कार्यक्रम में सिंगर हिमेश रेशमिया ने लाइव परफॉर्मेंस दी। रणवीर और अर्जुन स्टेज पर उनके साथ नजर आए और 'मुझको याद सताए तेरी' समेत कई गानों पर गाते और झूमते दिखाई दिए।**

**रिसेप्शन में बोनी कपूर, जाह्नवी कपूर, शनाया कपूर, रेखा, बॉबी देओल, चंकी पांडे और रितेश देशमुख समेत बॉलीवुड की कई हस्तियां शामिल हुईं।**



# धर्मेंद्र को याद कर फिर इमोशनल हुईं हेमा मालिनी

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के 'ही-मैन' धर्मेंद्र के जाने के बाद दूसरी पत्नी हेमा मालिनी टूट गईं और इस दर्द से उबरने की कोशिश कर रही हैं। कुछ दिन पहले अभिनेता को मिले पद्म भूषण को रिसीव करते समय भी हेमा मालिनी अपने आंसू नहीं रोक पाई थीं।

अब हेमा मालिनी ने एक हालिया इंटरव्यू में बताया कि जब वह धर्मेंद्र के पद्म भूषण को रिसीव करने स्टेज पर गईं तो उन्हें एहसास हुआ कि उनके पति उनके पास हैं और वह उन्हें हिम्मत दे रहे हैं।

बातचीत में इमोशनल होकर हेमा मालिनी ने कहा, ₹यह मेरे लिए इमोशनल होने के साथ-साथ एक्साइटिंग मोमेंट भी था। उनके



सात दशकों के काम को सम्मान मिला। स्टेज पर जाकर इस पुरस्कार को रिसीव करना मेरे लिए वो सबसे बड़ा पल था।

जब मैं इसे रिसीव करने राष्ट्रपति जी के पास जा रही थी, तो मुझे एहसास हो रहा था कि वह मेरे पीछे ही हैं, जैसे वे मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हों और कह रहे हों, 'इसे रिसीव करने आगे बढ़ो।'

हेमा मालिनी ने बताया कि धर्मेंद्र अपने परिवार से बहुत प्यार करते थे और उन्हें हमेशा एक साथ देखना चाहते थे। उन्होंने कहा, ₹उन्हें अपने सभी बच्चों और उस घर में रहने वाले अपने पोते-पोतियों से बहुत लगाव था, मेरे घर से भी। उन्होंने अपनी जिंदगी का भरपूर आनंद लिया और उसे पूरी तरह जिया। उन्होंने वे चीजें हासिल कीं जो आम लोगों को नहीं मिल पातीं और वे वही बने जो वे शुरू से बनना चाहते थे।




## मिस्र के खिलाफ अर्जेंटीना की जीत के बाद फुटबॉलर को लूजर और सबसे घटिया लेवल का एक्टर बताया

# लियोनेल मेसी पर भड़कीं गौहर खान

नई दिल्ली। फीफा वर्ल्ड कप 2026 के मिस्र और अर्जेंटीना के मैच के बाद एक्ट्रेस गौहर खान लियोनेल मेसी पर भड़क गईं और उन्होंने फुटबॉलर को लूजर तक कह दिया।

दरअसल, फीफा वर्ल्ड कप के राउंड ऑफ 16 में अर्जेंटीना ने मिस्र को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मैच में एक समय मिस्र 2-0 से आगे था, लेकिन दूसरे हाफ के अंतिम हिस्से में अर्जेंटीना ने लगातार तीन गोल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

मैच के बाद गौहर ने मेसी के बारे में एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की। उन्होंने एक रील रीपोस्ट की, जिसमें मेसी मैच के दौरान कथित तौर पर चेहरे पर गेंद लगने के बाद अपना मुंह ढकते हुए दिख रहे थे। इसके साथ ही गौहर ने लिखा, 'क्या बेकार इंसान है! मेसी नहीं, बल्कि मेस्सी है (पूरी तरह बिखरा हुआ)। सबसे घटिया लेवल का एक्टर।'

दरअसल, मैच के बाद मिस्र के फुटबॉलर मुस्तफा जीको ने रेफरी के फैसले पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि रेफरी ने निष्पक्ष फैसला नहीं लिया और उनकी टीम के साथ



मुस्तफा जीको ने अर्जेंटीना के खिलाफ 67वें मिनट में गोल दागा था।

गलत हुआ। जिको ने कहा, 'रेफरी का फैसला गलत था। यह साफ तौर पर हमारी टीम के साथ अन्याय है। उसने पूरे देश की मेहनत पर पानी फेर दिया।' गौहर खान ने अपने करियर की शुरुआत एक मॉडल के तौर पर की थी। वह फेमिना मिस इंडिया 2002 में चौथे स्थान पर रहीं और मिस टैलेंटेड का खिताब जीता। उन्होंने 'रॉकेट सिंहः सेल्समैन ऑफ द ईयर' (2009) से एक्टिंग में डेब्यू किया। इसके बाद वह 'इश्कजादे' (2012) और 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' (2017) जैसी फिल्मों में नजर आईं। गौहर खान और जैद दरबार ने दिसंबर 2020 में शादी की थी। दोनों ने कुछ समय डेट करने के बाद निकाह किया। मई 2023 में उनके पहले बेटे जेहान का जन्म हुआ था।

### वार फैसलों पर उठा विवाद

मिस्र ने दो फैसलों पर एतराज जताया। मैच के दौरान हुए फाउल के लिए VAR रिव्यू के बाद मोस्तफा जिको का गोल नामंजूर कर दिया गया। टीम ने यह भी दावा किया कि हम्दी फाथी पर कथित फाउल के लिए उन्हें पेनल्टी मिलनी चाहिए थी। इसके तुरंत बाद अर्जेंटीना ने विजयी गोल किया। बता दें कि VAR रिव्यू का मतलब फुटबॉल में वीडियो असिस्टेंट रेफरी (VAR) द्वारा किसी अहम फैसले की वीडियो फुटेज के जरिए दोबारा जांच करना होता है।



## ईरान का दावा- मिसाइल सिस्टम और रडार को उड़ाया ■ यूएस का 90 ईरानी ठिकानों पर हमला

# कतर, कुवैत, बहरीन में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन अटैक

**हमला**

**तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी**

ईरान ने बताया है कि उसने कतर, कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन हमले किए हैं। ईरानी सेना के मुताबिक, हमलों में कुवैत के पैट्रियट मिसाइल सिस्टम, कतर के अर्ली वॉर्निंग सैटेलाइट एंटीना और बहरीन में अमेरिकी सेना के फ्यूल टैंक को निशाना बनाया गया। इन हमलों के लिए बड़ी संख्या में ड्रोन का इस्तेमाल किया गया।

इससे पहले अमेरिका ने ईरान पर लगातार दूसरे दिन बड़े पैमाने पर एयरस्ट्राइक की। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) ने करीब 90 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया। इन हमलों से ईरान के अहवाज में 3 लोगों की मौत हुई है। ईरानी सेना ने कहा कि वह अमेरिकी हमलों का जवाब देती रहेगी। दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान समझौता चाहता है, लेकिन उसे इस बात पर भरोसा नहीं कि तेहरान समझौते का पालन करेगा।



■ बुशहर पर अमेरिकी हमले के बाद आग और धुआं उठता नजर आया।

### खामेनेई की अंतिम यात्रा से पहले मशहद में उमड़ी भीड़

खामेनेई की अंतिम यात्रा से पहले ईरान के मशहद शहर में बड़ी संख्या में लोग जुटने लगे हैं। अंतिम यात्रा शुरू होने में अभी कई घंटे बाकी हैं, लेकिन अंतिम दर्शन के लिए पहुंचने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

ईरानी मीडिया के मुताबिक, खामेनेई का अंतिम संस्कार मशहद स्थित इमाम रजा के रौजे के पास किया जाएगा। इससे पहले उनका शव इराक के नजफ और कर्बला ले जाया गया, जहां अंतिम संस्कार से जुड़ी धार्मिक रस्में निभाई गईं।

> अमेरिकी सेना ने मंगलवार देर रात ईरान के 80 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। अमेरिका ने बताया कि यह ईरान के होर्मुज में जहाजों पर हमले के जवाब में किया गया है।
>
> अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नाटो समिट के दौरान कहा कि ईरान के साथ हुआ सीजफायर समझौता अब खत्म हो चुका है और अब वह ईरान से कोई डील नहीं करना चाहते।

### पिछले 2 दिन में ईरान में 14 लोगों की मौत

ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि पिछले दो दिनों में अमेरिकी हमलों में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 78 लोग घायल हुए हैं। मंत्रालय के मुताबिक, इस दौरान अमेरिका ने ईरान के पांच प्रांतों में हवाई हमले किए। घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है।



■ ईरान के होर्मोजगान प्रांत के कुहेस्तक में अमेरिकी हमले के बाद बंदरगाह क्षेत्र से धुआं उठता दिखाई दिया। यह बंदरगाह होर्मुज स्ट्रेट के पास स्थित है।

### पूर्व सुप्रीम लीडर का शव ईरान पहुंचा

खामेनेई का पार्थिव शरीर गुरुवार को इराक से ईरान के मशहद पहुंच गया है। ईरान ने विमान के मशहद पहुंचने का वीडियो भी जारी किया है। खामेनेई के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार से पहले इराक के नजफ और कर्बला ले जाया गया था, जहां उनसे जुड़ी धार्मिक रस्में निभाई गईं। इसके बाद विशेष विमान से उनका पार्थिव शरीर मशहद लाया गया।

ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, खामेनेई को उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार मशहद स्थित इमाम रजा के रौजे के पास सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। बहरीन में गुरुवार को तीसरी बार एयर रेड सायरन बजाए गए। देश के गृह मंत्रालय ने लोगों के मोबाइल पर चेतावनी संदेश भेजा और कुछ इलाकों में इमरजेंसी सायरन सक्रिय किए।

**फास्ट न्यूज**

### सेंसेक्स 238 अंक चढ़कर 76,742 पर बंद

मुंबई। शेयर बाजार में आज यानी 9 जुलाई को बढ़त रही। सेंसेक्स 238 अंक की तेजी के साथ 76,742 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 81 अंक की बढ़त रही, ये 23,963 पर बंद हुआ। रियल्टी और मीडिया शेयर्स में आज ज्यादा खरीदारी रही। इससे पहले कल यानी 8 जुलाई को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 1677 अंक या 2.15% गिरकर 76,504 पर बंद हुआ था।

### गुरुग्राम की बिजली सप्लाई करेंगे अडानी

चंडीगढ़। हरियाणा में पहली बार गुरुग्राम की बिजली वितरण व्यवस्था में निजी क्षेत्र की बड़ी एंट्री का रास्ता खुलता दिखाई दे रहा है। अडानी समूह की बिजली वितरण कंपनी ने गुरुग्राम में बिजली सप्लाई के लिए ग्रांट ऑफ लाइसेंस की औपचारिक याचिका दायर कर दी है। यह आवेदन विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 15 (लाइसेंस पाने की प्रक्रिया) प्रोसीजर फॉर ग्रांट ऑफ लाइसेंस के तहत हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग में दाखिल किया गया है। सुनवाई के बाद आयोग ने अपना फैसला होल्ड कर दिया है।

### सोना 1022 बढ़कर 1.43 लाख पर पहुंचा

नई दिल्ली। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 9 जुलाई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,022 रुपए बढ़कर 1.43 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी का दाम 1,752 रुपए बढ़कर 2.27 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

## सरकार ने लीथियम-आयन सेल और डिस्प्ले पर कस्टम ड्यूटी माफ की

### स्मार्टफोन-लैपटॉप सस्ते हो सकते हैं, मार्च 2029 तक छूट मिलेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने देश में स्मार्टफोन, लैपटॉप, वियरेबल्स (स्मार्टवॉच, फिटनेस बैंड) और स्मार्ट टीवी जैसे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज बनाने में इस्तेमाल होने वाले सामान से बेसिक कस्टम ड्यूटी (BCD) हटा दी है। इससे स्मार्टफोन, लैपटॉप और स्मार्ट टीवी सस्ते हो सकते हैं।

अब डिस्प्ले असेंबली, लीथियम-आयन सेल और इंडक्टर कॉयल मॉड्यूल के मैन्युफैक्चरिंग में इस्तेमाल होने वाले सामानों पर बेसिक कस्टम ड्यूटी नहीं लगेगी। सरकार ने घरेलू प्रोडक्शन को बढ़ावा देने के लिए ये कदम उठाया है। ड्यूटी फ्री इम्पोर्ट की नई लिस्ट में इलेक्ट्रॉनिक्स और बैटरी बनाने वाली लगभग सभी जरूरी चीजें शामिल हैं। अब कंपनियों को पाउडर ड्रायर, ऑटोमैटिक फीडिंग और ब्लेंडिंग सिस्टम, स्लरी ट्रांसफर सिस्टम, कैथोड और एनोड एक्सट्रूज़न कोटिंग मशीनें, कम्प्रेशन इक्विपमेंट और हाई वैक्यूम पंप मंगाने पर टैक्स नहीं देना होगा। इसके अलावा वाइंडिंग मशीन, इलेक्ट्रोड कटिंग और स्लिटिंग मशीन, टेस्टिंग मशीन, ऑटो-पैकिंग सिस्टम, सेपरेटर कोटिंग मशीन और स्टैकिंग मशीन भी इस छूट के दायरे में आएंगी।



### स्मार्टफोन, लैपटॉप और स्मार्ट टीवी हो सकते हैं सस्ते

इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का मानना है कि डिस्प्ले असेंबली और लीथियम-आयन सेल किसी भी स्मार्टफोन, लैपटॉप या स्मार्ट टीवी की कुल लागत का एक बहुत बड़ा हिस्सा होते हैं। इन पर बेसिक कस्टम ड्यूटी हटने से कंपनियों को मैन्युफैक्चरिंग में बड़ी राहत मिलेगी। आने वाले समय में कंपनियां इसका फायदा ग्राहकों को ट्रांसफर कर सकती हैं, जिससे भारत में बने इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स की कीमतें कम हो सकती हैं।

### कहा, बड़े आपराधिक नेटवर्क से जुड़ी है इस तरह की धोखाधड़ी

## ट्रंप प्रशासन ने शुरू की एच 1बी धोखाधड़ी की बड़ी जांच

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा और पीईआरएम रोजगार वीजा से जुड़ी कथित धोखाधड़ी की अपनी पहली बड़ी जांच शुरू कर दी है।

अमेरिकी श्रम विभाग ने कहा है कि जांचकर्ताओं ने श्रमिकों की तस्करी और विदेशी कामगार कार्यक्रमों के दुरुपयोग की व्यापक जांच के तहत पहले ही दर्जनों समन जारी कर दिए हैं। एक संघीय श्रम अधिकारी ने बताया कि जांच के दायरे में आने वाली कंपनियों में आइटी कंपनी 'काग्निजेंट' भी शामिल है। श्रम विभाग के महानिरीक्षक एंथनी डी'एस्पोसिटो ने बताया कि यह जांच विदेशी श्रमिकों से जुड़ी धोखाधड़ी के विरुद्ध महानिरीक्षक कार्यालय द्वारा अब तक की गई सबसे सख्त कार्रवाइयों में से एक होगी। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि जांचकर्ता ट्रंप प्रशासन और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व वाले धोखाधड़ी पर कार्यबल के सहयोग से हर सुराग पर काम करेंगे। साथ ही आरोप लगाया कि विदेशी श्रमिक कार्यक्रमों से जुड़ी धोखाधड़ी बड़े आपराधिक नेटवर्क से जुड़ी हुई है। लिहाजा यह धोखाधड़ी हिंसक अपराधों को बढ़ावा दे रही है। अमेरिका को फिर से सुरक्षित और अधिक किफायती बनाने के लिए ऐसा करना जरूरी है।




**अमेरिकी श्रम विभाग ने जांच के तहत जारी किए दर्जनों समन**

### एच-1बी वीजा व ग्रीन कार्ड आवेदकों के लिए 10 जुलाई से नए हस्ताक्षर नियम

अमेरिका की नागरिकता व आव्रजन सेवा (यूएससीआइएस) 10 जुलाई से एच-1बी वीजा याचिकाएं और ग्रीन कार्ड आवेदन समेत आव्रजन लाभ अनुरोध (इमीग्रेशन बेनिफिट रिक्वेस्ट) पर हस्ताक्षर करने तरीकों के बारे में नए नियम लागू करेगा।

यूएससीआइएस ने एक बयान में कहा, आव्रजन लाभ प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने और लाभ मांगने वालों की पहचान सत्यापित करने के लिए यूएससीआइएस गलत हस्ताक्षर वाले किसी भी लाभ अनुरोध को खारिज कर देता है और उसे वापस कर देता है।

यूएससीआइएस गलत हस्ताक्षर सुधारने का मौका नहीं देता। हालांकि, आवेदक सही हस्ताक्षर के साथ लाभ अनुरोध फिर दाखिल कर सकता है, बशर्ते फाइलिंग की सभी जरूरतें पूरी होती हों, जिसमें आवश्यक शुल्क का भुगतान शामिल है। यूएससीआइएस दोबारा दाखिल लाभ अनुरोध को स्वीकार कर सकता है।

## ट्रंप ने भरी पुराने एयर फ़ोर्स वन से उड़ान

### ईरान से तनाव के बीच बनाई कतर के 400 मिलियन डॉलर के तोहफे से दूरी

- ट्रंप पुराने एयर फोर्स वन से वाशिंगटन लौटे
- ईरान से बढ़ते तनाव के कारण सुरक्षा चिंताएं
- कतर से मिले नए विमान से बनाई दूरी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

ईरान के साथ बढ़ते तनाव और सुरक्षा चिंताओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप अंकारा में नाटो शिखर सम्मेलन से पुराने 'एयर फोर्स वन' विमान में वाशिंगटन वापस लौटे हैं। ट्रंप ने कतर द्वारा उपहार में दिए गए नए बोइंग 747-8 विमान से दूरी बनाते हुए अपनी यात्रा के दौरान इस पुराने विमान का इस्तेमाल किया। हालांकि, ट्रंप ने सुरक्षा चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि वे केवल पुराने समय की यादों के लिए इसमें लौटे हैं। इस बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में हमलों के बाद अमेरिका और ईरान के बीच बहरीन तथा कुवैत जैसे सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से जवाबी हमले तेज हो गए हैं।



### ट्रंप ने क्यों किया पुराने एयर फोर्स वन का इस्तेमाल?

न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच फिर से शुरू हुए संघर्ष के बाद ट्रंप ने कतर द्वारा उपहार में दिए गए 400 मिलियन डॉलर के नए बोइंग 747-8 विमान के बजाय अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की सलाह पर पुराने राष्ट्रपति विमान का इस्तेमाल करना शुरू किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह कदम किसी विशिष्ट खतरे के जवाब में नहीं, बल्कि एहतियाती उपाय के तौर पर उठाया गया था, हालांकि अधिकारियों ने स्वीकार किया कि नए विमान में अभी तक वे सभी सुरक्षा सुविधाएं नहीं हैं जो मौजूदा वायु सेना के वन बेड़े में मौजूद हैं।

### क्या बोला व्हाइट हाउस?

वहीं, व्हाइट हाउस ने इस बात को खारिज कर दिया कि नया विमान असुरक्षित था। संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने कहा कि यह उच्च स्तरीय सुरक्षा प्रोटोकॉल से लैस है। उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए ध्यान भटकाने और गुमराह करने सहित हर संभव उपाय का इस्तेमाल करता है। हालांकि, ट्रंप ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण इस बदलाव की बात को सिरे से खारिज कर दिया। ब्रिटेन से रवाना होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, मुझे हर समय खतरा बना रहता है। मैं उनकी सूची में पहले नंबर पर हूं।

पुराने विमान से यात्रा को लेकर ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्होंने पुराने एयर फोर्स वन विमान में पुराने समय की यादों के लिए यात्रा की।

### अरब सागर में लापता पाकिस्तानी कार्गो विमान का मलबा मिला




**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के एक बोइंग कार्गो विमान का मलबा मिल गया है। 27 साल पुराना यह विमान मंगलवार को शारजाह से कराची आने के दौरान अरब सागर के ऊपर रडार से गायब हो गया था। विमान में सवार पांच सदस्यीय चालक दल की तलाश चल रही है। विमान का मलबा ओरमारा बंदरगाह से 53 नाटिकल मील दक्षिण में मिला।

इससे पहले अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कार्गो विमान कराची से लगभग 300 किलोमीटर पश्चिम में अरब सागर के ऊपर रडार की पहुंच से गायब हुआ था।

संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह से कराची आ रहे के2 एयरवेज के विमान ने नेविगेशन सिस्टम में गड़बड़ी की सूचना दी थी और इसके बाद मंगलवार रात रडार से गायब हो गया।

पाकिस्तानी एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार, रेस्क्यू को-ऑर्डिनेशन सेंटर को सक्रिय किया गया है और विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से समुद्र में खोज अभियान शुरू किया गया है। कराची स्थित के2 एयरवेज एक प्राइवेट एयरलाइन है।

### क्रिएटिव काम नहीं हो सकता', लेखक सलमान रुश्दी का बड़ा बयान

## 'साहित्य में एआई की भूमिका शून्य'

**लंदन, एजेंसी**

प्रसिद्ध लेखक सलमान रुश्दी का मानना है कि रचनात्मक कार्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) की कोई भूमिका नहीं है क्योंकि इसमें मौलिकता की क्षमता बिल्कुल नहीं होती।

लंदन में आयोजित एक समारोह में 14वां 'लिबरेटम कल्चरल ऑनर' स्वीकार करने से पहले उन्होंने एआइ और सिनेमा पर खुलकर अपने विचार रखे। जब उनसे पूछा गया कि रचनात्मक कार्यों में एआइ की क्या भूमिका होनी चाहिए, तो उन्होंने दो टूक कहा, 'कुछ भी नहीं। शून्य।'

सलमान रुश्दी ने कहा कि कला का असली मतलब वह ढूंढना है जो पहले किसी ने न किया हो, जबकि एआइ सिर्फ भारी मात्रा में जानकारी इकट्ठा करके उसका एक नया संस्करण पेश कर सकता है, वह कुछ नया नहीं रच सकता। 'कला अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में मनोरंजन से कहीं बढ़कर है। यह एक चुनौती है और मेरी एआइ में शून्य से भी कम रुचि है।' बुकर पुरस्कार विजेता रुश्दी ने फिल्म निर्माता विशाल भारद्वाज के साथ अपनी पुस्तक 'मिडनाइट्स चिल्ड्रेन' के अधूरे रह गए टेलीविजन रूपांतरण पर भी बात की। सलमान रुश्दी ने बताया- मुझे लगता है कि नेटफ्लिक्स को स्क्रिप्ट पसंद नहीं आने और पैसों की कमी के कारण यह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ सका। हालांकि, रुश्दी ने भारद्वाज को एक बेहद प्रतिभाशाली फिल्म निर्माता बताया। उन्होंने यह भी साझा किया कि उनकी कई किताबों, जैसे 'द ग्राउंड बिनीथ हर फीट', को पर्दे पर उतारने के लिए बातचीत चल रही है।



**रुश्दी ने रचनात्मक कार्यों में एआई की भूमिका नकारी।**

**एआई में मौलिकता की क्षमता बिल्कुल नहीं होती।**

**खुद पर बायोपिक बनाने से सलमान रुश्दी का इनकार।**

### खुद पर बायोपिक बनाने से इनकार

जब रुश्दी से इस बात पर उनकी राय पूछी गई कि बेहतरीन उपन्यासों पर बनी फिल्में शायद ही कभी मूल रचना जितनी अच्छी बन पाती हैं, तो उन्होंने 'द लार्ड आफ द रींग्स' और 'द एज आफ इनोसेन्स' जैसी फिल्मों का उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ फिल्में अपने साहित्यिक मूल के बिल्कुल बराबर होती हैं।

### चीन की एक जूता फैक्ट्री में आग से 28 मजदूरों की मौत

नई दिल्ली। गुरुवार को चीन के पूर्वी फ़ुजियान में जूतों की एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस आग में झुलस कर 28 लोगों की मौत हो गई। चीनी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, आग जिनजियांग शहर के जूतों की एक फैक्ट्री में दोपहर करीब 12:04 बजे लगी। सीसीटीवी फूटेज में आग ने कई मंजिला इमारत को अपनी चपेट में ले लिया और आसमान में घना काला धुआं उठने लगा। कई लोग छतों पर फंसे दिखें।

दमकलकर्मी और इमरजेंसी टीम के लोग 183 बचाव कर्मियों और 35 गाड़ियों के साथ तुरंत मौके पर मौजूद हैं। दोपहर तक आग की लपटें काफी हद तक बुझा दी गई थीं, लेकिन फैक्ट्री के अंदर लपटों की वजह से बचाव टीमें बिल्डिंग के उन हिस्सों में नहीं जा पा रही थीं जहां लापता लोग हो सकते थे। शुरुआती जांच से पता चला है कि आग ग्राउंड फ्लोर पर लगी थी, जहां जूते बनाने का सामान और गोंद रखा हुआ था, जिससे आग तेजी से फैल गई।

## प्याज-टमाटर के दाम बढ़े, जून में वेज थाली 5% महंगी

### नॉनवेज-थाली की कीमतों में भी इजाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

घर पर तैयार होने वाली वेज थाली की एवरेज कीमत देशभर में 5% बढ़कर 28.4 रुपए हो गई है। पिछले साल जुलाई-2025 में वेज थाली की कीमत 28.1 रुपए थी। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंथली रिपोर्ट में बताया कि, जून-2026 में टमाटर, प्याज, खाने का तेल और रसोई गैस सिलेंडर महंगा होने से थाली की कीमत बढ़ी है। महंगाई से आलू की कीमतों में आई गिरावट के असर भी खत्म हो गया। एजेंसी की राइस रोटी रेट (RRR) रिपोर्ट के मुताबिक, चिकन की सप्लाई घटने से नॉन-वेज थाली की कीमत भी जून में 6% महंगी हुई है। वहीं, मौसम की मार के कारण आने वाले दिनों में दालों की कीमत भी बढ़ सकती हैं। अगर महीने-दर-महीने (मई 2026 के मुकाबले जून 2026) के आधार पर देखें, तो वेज थाली 4% और नॉन-वेज थाली 3% महंगी हुई है। इस दौरान मासिक आधार पर टमाटर के दाम 17%, आलू के 5% और प्याज के दाम 8% बढ़े हैं, जिससे थाली की लागत ऊपर गई। वहीं कम सप्लाई के बीच ब्रॉयलर की कीमतों में भी महीने-दर-महीने के आधार पर 2% की बढ़त अनुमानित है। क्रिसिल इंटेलिजेंस के डायरेक्टर पुशन शर्मा के मुताबिक, मिडिल ईस्ट में अमेरिका-ईरान के बीच चल रही जंग के कारण ग्लोबल लेवल पर सप्लाई चेन प्रभावित हुई है।



तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं। मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96